* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 216

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

मौसम विभाग ने कहा कि मानसून के 4 जून तक केरल पहुंचने की है संभावना

झारखंड दौरा खत्म कर दिल्ली लौटीं महामहिम

झारखंड आना घर आने जैसा : राष्ट्रपति

सौभाग्य था कि मुझे भी यहां की पवित्र मिट्टी की सेवा करने का अवसर मिला

राज्यपाल, सीएम और अन्य गणमान्य लोगों ने हवाई अड्डे पर दी विदाई

आपकी यात्रा से राज्यवासियों में ऊर्जा का संचार हुआ है : सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की झारखंड यात्रा के संबंध में ट्वीट करते हुए लिखा, धन्यवाद, आभार और जोहार माननीय राष्ट्रपति परम आदरणीय द्रौपदी मुर्मू जी। झारखंड की आपकी इस यात्रा से संपूर्ण राज्यवासियों में ऊर्जा का संचार हुआ है। आपका मार्गदर्शन हमें हमेशा ऐसे ही मिलता रहे, आप सदैव स्वस्थ रहें, यही कामना करता हूं।

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तीन दिवसीय झारखंड यात्रा शुक्रवार को खत्म हो गयी। दिल्ली रवाना होने से पहले राष्ट्रपति ने राजभवन में कुछ लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके लिए झारखंड आना घर आने जैसा है। यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें यहां की पवित्र मिट्टी की सेवा करने का अवसर मिला।

राजभवन में लोगों से मुलाकात के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पहुंचीं। वहां राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य गणमान्य लोगों ने राष्ट्रपति को विदाई दी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर भेंट की। राष्ट्रपति ने हवाई अड्डे पर मौजूद सभी लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद वह भारतीय वायुसेना के विशेष विमान पर सवार हुईं। विमान के अंदर प्रवेश करने से पहले उन्होंने हाथ जोड़ कर सभी का अभिवादन किया और हाथ हिला कर 'जोहार' कहा। ठीक 11.47 बजे राष्ट्रपति का विमान दिल्ली के लिए उड़ा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह दौरा बेहद खास रहा। अपनी यात्रा के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देवघर में बाबा वैद्यनाथ की अराधना के बाद रांची आयीं। पहले दिन ही उन्होंने झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन किया। इस समारोह में राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस के सामने न्याय से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाये। उन्होंने कहा कि कोर्ट का फैसला आने के बाद भी ऐसे कई लोग हैं, जो न्याय के लिए तरसते हैं। कोर्ट को यह भी देखना चाहिए कि उसके फैसले पर अमल हुआ या नहीं। कई ऐसे लोग हैं, जिन्होंने 10 या 12 साल केस लड़ा और कोर्ट के फैसले के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला। ऐसे में वे केस करने से डरते हैं, क्योंकि उनके पास इतना वक्त और पैसा नहीं होता।

पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के नौ साल पूरे

नौ फैसलों ने जीता लोगों का भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के नौ साल पूरे हो गये हैं। इन वर्षों में सरकार ने कई मुकाम हासिल किये। कई फैसले लिये। ये फैसले नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के लिए गेमचेंजर साबित हुए। इस दौरान मोदी सरकार के कुछ बड़े फैसलों ने लोगों के बीच पीएम मोदी के साथ भाजपा का भरोसा बढ़ाया। ऐसे में दो बार के कार्यकाल के बाद पीएम मोदी के सामने साल 2024 के आम चुनाव में हैट्रिक लगाने की चुनौती होगी। 2014 में सता में आने के बाद सरकार ने नियमित अंतराल पर साफ संदेश दिया कि वह किसी भी तरह के फैसले लेने में नहीं हिचकेगी। आम लोगों के बीच मोदी और उनकी सरकार की लोकप्रियता के पीछे यह सबसे अहम फैक्टर बना। इसकी शुरुआत पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार का नोटबंदी का फैसला था। इसके बाद सरकार ने आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया। कोरोना महामारी के दौरान सरकार ने सख्त लॉकडाउन का फैसला किया। लोगों ने सरकार के फैसले लेने की तरीकों को पसंद किया। सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने जैसे फैसले भी किया। इससे साबित हुआ कि सरकार मजबूत फैसला लेने से पीछे नहीं हटेगी।

पीएम मोदी बीते नौ साल में लोगों से जुड़ने के लिए नयी संवाद शैली अपनायी। साल 2014 से ही उन्होंने लोगों के बीच अधिक से अधिक पहुंचने की परंपरा शुरू की। नौ साल पूरा होने के बावजूद यह सिलसिला जारी रहा। 2014 के बाद एक बड़ा फैक्टर जो सामने आया और जो पीएम मोदी की मजबूती और सरकार की लोकप्रियता का बड़ा कारण बना, वह था ग्लोबल स्तर पर इस बात को स्थापित करना कि भारत की ताकत बढ़ी है। कोरोना में पूरी दुनिया में टीका भेजने से पीएम की ग्लोबल इमेज उभरी। 2016 में जेएनयू में छात्र आंदोलन और उसके तुरंत बाद सर्जिकल स्ट्राइक के बाद देश में राष्ट्रवाद और हिंदुत्व का एक नया भावनात्मक मेल सामने आया। इसने पूरे देश की सियासत बदल दी। मोदी सरकार ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट या आमजनों से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं की तय सीमा के अंदर डिलिवरी दी। हालांकि इस दौरान कुछ ऐसे भी फैसले हुए, जिस पर विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर सवाल भी उठाये।

कांग्रेस ने पूछे नौ सवाल, मांगे जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ साल पूरे होने पर शुक्रवार को महंगाई, बेरोजगारी और कुछ अन्य विषयों पर उससे नौ सवाल पूछे और कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने वादों को पूरा नहीं करके देश के साथ जो विश्वासघात किया है, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने जो वादे किये थे, वे काल्पनिक थे और कोई वादा पूरा नहीं हुआ। कांग्रेस ने 'नौ साल, नौ सवाल' शीर्षक से एक पुस्तिका भी जारी की और कहा कि 26 मई को प्रधानमंत्री मोदी को 'माफी दिवस' के रूप में मनाना चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, नौ साल बाद आज कांग्रेस नौ सवाल पूछ रही है। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान ये सवाल पूछे थे, लेकिन प्रधानमंत्री और सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया। उन्होंने सवाल किया, प्रधानमंत्री जी, ऐसा क्यों है कि महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है? आर्थिक विषमता क्यों बढ़ रही है? ऐसा क्यों है कि किसानों की आय दोगुनी क्यों नहीं हुई, किसानों के साथ किये गये वादे पूरे क्यों नहीं हुए, एमएसपी की कानूनी गारंटी क्यों नहीं दी गयी? रमेश ने यह भी पूछा कि अडाणी को फायदा पहुंचाने के लिए एसबीआइ और एलआइसी में जमा लोगों की खून -पसीने की कमाई का क्यों इस समूह में निवेश किया गया। अडाणी समूह की फर्जी कंपनियों में जमा 20 हजार करोड़ रुपये किसके हैं? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी, आपने चीन को लाल आंख दिखाने की बात करने के बावजूद चीन को क्लीन चिट क्यों दी? चुनावी फायदे के लिए, राजनीतिक फायदे के लिए डर का माहौल क्यों पैदा किया जा रहा है? रमेश ने कहा, ऐसा क्यों है कि आप महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार को लेकर चुप रहते हैं, जाति आधारित जनगणना पर चुप्पी क्यों है? कांग्रेस महासचिव ने सवाल किया, ऐसा क्यों है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है और विपक्ष शासित सरकारों को अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है? क्या ऐसा नहीं है कि कुप्रबंधन से 40 लाख लोगों की मौत हुई और प्रभावित परिवारों को मुआवजा क्यों नहीं दिया गया? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इन सवालों पर चुप्पी तोड़नी चाहिए।

नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने की मांगवाली याचिका खारिज

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। संसद भवन की नयी इमारत के उद्घाटन को लेकर जारी विवाद से संबंधित जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से ही इनकार कर दिया। याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि हम जानते हैं कि यह याचिका क्यों दाखिल हुई। ऐसी याचिकाओं को देखना सुप्रीम कोर्ट का काम नहीं है। कोर्ट ने पूछा कि इस याचिका से किसका हित होगा? इस पर याचिकाकर्ता सटीक जवाब नहीं दे पाये। याचिका में शीर्ष अदालत से नये भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने का निर्देश लोकसभा सचिवालय को देने की मांग की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि लोकसभा सचिवालय का बयान और लोकसभा के महासचिव का उद्घाटन समारोह के लिए जारी निमंत्रण भारतीय संविधान का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट के वकील सीआर जया सुकिन ने यह जनहित याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा गया था कि उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति को शामिल नहीं करके भारत सरकार ने भारतीय संविधान का उल्लंघन किया है। ऐसा करके संविधान का सम्मान नहीं किया जा रहा है।

सेंगोल पर रार: कांग्रेस ने फर्जी बता सबूत मांगे, भाजपा ने पेश किया प्रमाण

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। इस समय देश में सेंगोल प्रतीक पर सियासी घमासान मचा हुआ है। 26 सौ साल पुराना इतिहास और चोल वंश की परंपरा का जिक्र करते हुए सरकार ने 14 अगस्त 1947 की रात की एक घटना बतायी और कहा कि तमिलनाडु के पुरोहितों ने सेंगोल को सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर पंडित जवाहर लाल नेहरू को इसे सौंपा था, हालांकि कांग्रेस ने इसे झूठ बताया है। इसके बाद सरकार ने शॉर्ट फिल्म जारी की और नेहरू का जिक्र कर सत्ता हस्तांतरण में सेंगोल की महत्ता समझायी।

कांग्रेस का आरोप

पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि नयी संसद को व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की झूठी कहानियों से पवित्र किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने दावे ज्यादा किये और तथ्य कम रखे हैं। एक न्यूज आर्टिकल का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए जयराम ने चार बातें कही हैं। वह लिखते हैं कि तत्कालीन मद्रास प्रांत में एक धार्मिक प्रतिष्ठान द्वारा एक शाही राजदंड की बात कही गयी थी और मद्रास शहर में तैयार कर अगस्त 1947 में नेहरू को भेंट की गयी थी। जयराम ने साफ कहा कि इस बात के कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं हैं कि माउंटबेटन, राजाजी और नेहरू ने इस राजदंड को अंग्रेजों से भारत को सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक माना था। इस बारे में जो भी दावे किये जा रहे हैं, वे सब फर्जी हैं। यह कुछ लोगों के दिमाग की उपज है और अब उसे फैलाया जा रहा है।

'टाइम' मैगजीन का दिया सबूत

जयराम के सवाल उठाने के बाद सरकार के सूत्रों ने तमिल धार्मिक साहित्य को सबूत के तौर पर सामने रखा है, जिसमें कहा गया है कि सेंगोल नेहरू को अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर सौंपा गया था। उस समय 'टाइम' मैगजीन में प्रकाशित रिपोर्ट में भी सेंगोल को लेकर जानकारी सामने आयी थी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी ट्वीट कर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस पार्टी भारतीय सभ्यता और संस्कृति से इतनी नफरत क्यों करती है। तमिलनाडु के पुरोहित ने पंडित नेहरू को पवित्र सेंगोल सौंपा था। यह भारत की स्वतंत्रता का प्रतीक था, लेकिन इसे 'वॉकिंग स्टिक' बताकर संग्रहालय में रख दिया गया था।

बीएसएफ ने 2.93 करोड़ के सोने के 36 बिस्कुट समेत तस्कर को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। दक्षिण बंगाल सीमांत अंतर्गत आइसीपी पेट्रापोल पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) 145वीं वाहिनी के जवानों ने पुख्ता खबर के आधार पर कार्रवाई करते हुए भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ट्रक चालक के रूप में एक तस्कर को सोने के 36 बिस्कुटों के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया, जिन्हें तस्कर बांग्लादेश से भारत में लाने का प्रयास कर रहा था। जब्त सोने का वजन 4797.178 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत दो करोड़ 93 लाख 10 हजार 758 रुपये है। बीएसएफ की ओर से शुक्रवार को बताया गया कि ड्यूटी पर तैनात जवानों को पुख्ता खबर मिली थी की एक ट्रक चालक खाली ट्रक के साथ बांग्लादेश से भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाला है। जवानों ने तुरंत एक तलाशी दल का गठन किया। जवानों ने रात 10.50 बजे उक्त ट्रक को भारतीय सीमा में प्रवेश करने के बाद रूकवाया और उसको तलाशी के लिए वेयर हाउस में लेकर गये। जवानों ने ट्रक की गहन तलाशी ली तो उसके केबिन में स्पीकर बॉक्स के पीछे कपड़े में लिपटे हुए सोने के 36 बिस्कुट बरामद हुए। इसके बाद जवान तस्कर को ट्रक एवं सोने समेत चौकी में लेकर आये। पकड़े गये तस्कर की पहचान प्रदीप रॉय चौधरी के रूप में हुई है। वह बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के तालीखोला गांव (मोतीगंज) का रहने वाला है। जवानों ने पकड़े गये तस्कर और जब्त सोने को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कोलकाता कस्टम हाउस में पी एंड आइ शाखा को सौंप दिया है।

बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सात लाख के सोना समेत बांग्लादेशी को पकड़ा

दक्षिण बंगाल सीमांत अंतर्गत आइसीपी पेट्रापोल पर तैनात 145वीं वाहिनी के जवानों ने एक बांग्लादेशी यात्री को यात्री टर्मिनल पर सोने के एक बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया। जब्त सोने के बिस्कुट का वजन 116. 640 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत सात लाख 12 हजार 670 रुपये है। यात्री यह सोना बांग्लादेश से भारत में लाने की कोशिश कर रहा था। ड्यूटी पर तैनात जवानों ने एक संदिग्ध बांग्लादेशी यात्री को तलाशी के लिए रोका। उसकी तलाशी के दौरान जवानों ने यात्री के सैंडल से सोने का एक बिस्कुट बरामद किया। तस्कर की पहचान मो महमुदुनबी शेख (52) के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के सिराजगंज जिले का रहने वाला है। पूछताछ में यात्री ने बताया की वह बेहतर इलाज के लिए भारत में आ रहा था, तो ये सोना उसे बांग्लादेश के ही ढाका जिला निवासी आलम ने दिया था। भारत में आने के बाद यह सोना वह कोलकाता के बड़ा बाजार में किसी अनजान व्यक्ति को सौंपनेवाला था। इस काम के लिए उसे 5000 रुपये मिलने थे। पकड़े गए यात्री तस्कर को जब्त सोने के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जवानों ने कस्टम हाउस कोलकाता में पी एंड आइ शाखा को सौंप दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,900 रु./10 ग्राम
चांदी 74,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 मई, 2023
www.azadsipahi.in

मोदी के नौ साल : भारत के सम्मान, विकास और विश्वास का सफर

घरेलू ही नहीं, हर मोर्चे पर भारत ने लहराया अपना परचम

■ आपदा में भी तन कर खड़ा रहा दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र

■ ब्रांड मोदी की चमक बरकरार रखने के लिए भाजपा को भी सोचना होगा

आजाद सिपाही विशेष

दिन 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी मोदी ने भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। देश यह जनाता था कि मोदी कुछ तो कमाल जरूर करंगे। उन्होंने किया भी। भारत का आज विश्व में डंका बज रहा है। आज बड़े और विकसित देशों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए उत्साहित रहते हैं। उनसे हाथ मिलाने और पैर छूने में गर्व की अनुभूति करते हैं। देखते ही देखते नरेंद्र मोदी वर्ल्ड लीडर के रूप में उभर गये। आज नरेंद्र मोदी का बतौर प्रधानमंत्री दूसरा कार्यकाल चल रहा है। मोदी के साथ-साथ देश ने बहुत कुछ देखा है, कुछ पाया भी है, तो कुछ खोया भी। लेकिन एक कहावत है, जो बहुत प्रचलित है कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना भी पड़ता है। यहां तो बहुत कुछ पाने के लिए थोड़ा बहुत खोया है देश ने। लेकिन जो कुछ भी खोया है, वह भी देशहित में ही है। नरेंद्र मोदी ने बतौर प्रधानमंत्री वह कुछ कर दिखाया, जिसकी कल्पना शायद ही भारत के किसी प्रधानमंत्री ने की होगी। आज मोदी का कद कितना बड़ा हो चुका है, यह इसी से समझा जा सकता है कि देश का समूचा विपक्ष एक मोदी को हराने के लिए एक मंच पर उतरने के लिए प्रयासरत है। मोदी को हराने का उनका प्रयास 2019 में भी हुआ, जो असफल रहा। 2024 में क्या होगा, यह तो भविष्य के गर्त में है, लेकिन सच्चाई यही है कि अभी तक विपक्ष के पास मोदी के कद के बराबर का कोई नेता नहीं है। इन नौ सालों के दरम्यान जो कुछ उभर कर आया है, उसमें एक बात शीशे की तरह साफ है कि मोदी को भारत की जनता ने देश के लिए चुना है, राज्यों के लिए नहीं। भाजपा को अगर मोदी की चमक को बरकरार रखना है, तो वह मोदी को देश के लिए ही छोड़ दे, राज्यों के लिए लोकल नेता तैयार करे। नहीं तो आनेवाला समय कठिन होगा। इसी से समझा जा सकता है मोदी जब पहली बार पीएम बने थे, तब देश के सात राज्यों में भाजपा की सरकार थी। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा में भाजपा के मुख्यमंत्री थे, जबकि पंजाब में शिरोमणि अकाली दल और आंध्रप्रदेश में टीडीपी के साथ वह सत्ता की साझेदार थी। 2018 में भाजपा अपने चरम पर थी। तब 21 राज्यों में भाजपा या सहयोगी पार्टियों की सरकार थी। अब सिर्फ 14 ऐसे राज्य हैं, जहां भाजपा या उसके गठबंधन की सरकार है। यह आंकड़ा मोदी की बढ़ती और घटती लोकप्रियता का पैमाना नहीं है, लेकिन मोदी नाम पर अगर भाजपा वोट मांगती रही, तो सूर्य को भी ग्रहण लगता है। भाजपा को अगर लंबी रेस का घोड़ा बनना है, तो समय रहते भाजपा को राज्यस्तरीय नेता तैयार करना ही होगा। वह मोदी को फ्रंट फुट पर खेलने दे। मोदी फ्रंट फुट पर खेलते हैं, तो अच्छा परफॉर्म करते हैं। अपने कार्यकाल में मोदी ने अपने फैसलों से ऐसी-ऐसी बाउंड्री लगायी है कि इन नौ सालों में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। स्वच्छ भारत अभियान, हर-घर शौचालय, जन-धन योजना, मुद्रा योजना, पीएम आवास योजना, सर्जिकल स्ट्राइक, नोटबंदी, आर्टिकल 370, जीएसटी, आयुष्मान भारत योजना, कोरोना वैक्सीन निर्माण, डिजिटल इंडिया, नागरिकता संशोधन विधेयक और तो और मंदिर वहीं बनायेंगे वाला भाजपा का वादा भी पूरा हुआ। राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। अपने कार्यकाल में मोदी द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की कमान संभाले नौ साल हो चुके हैं। 26 मई 2014 को पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की कमान संभाली थी। 2014 में मोदी लहर पर सवार होकर बीजेपी ने प्रचंड बहुमत हासिल किया था। 2014 का आम चुनाव इसलिए खास था, क्योंकि 30 साल बाद किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला था। भाजपा ने 282 सीटें जीती थीं। वहीं, 2019 में आयी मोदी सुनामी में विपक्षी दलों के कई पुराने दरख्त तक उखड़ गये थे। समूचा विपक्ष भौचक्का हुआ पड़ा था। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि वह करे तो क्या करे। पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे पर भाजपा ने 303 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। 2014 में केंद्र की सत्ता में स्थापित हुई मोदी सरकार ने इस दौरान कई बड़े फैसले लिये। आम जनता को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश समेत कई निर्णयों ने मोदी सरकार की स्वीकार्यता को बढ़ाया। इन नौ सालों में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज देश की वायु सीमा की रक्षा राफेल जैसा अत्याधुनिक लड़ाकू विमान कर रहा है, तो एस-400 जैसी सर्वश्रेष्ठ मिसाइल रक्षा प्रणाली देश का कवच बन कर तैनात हो चुकी है। सबसे बड़ी बात आज भारत को कोई आंख नहीं दिखाता। पकिस्तान को तो भारत घर में घुस कर मारता है। चीन के सैनिकों को पीछे धकेलता है।

विकास की कहानी आंकड़ों की जुबानी

भारत के विकास की कहानी कुछ आंकड़े कहते हैं। पीएम मोदी के कार्यकाल में स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों और शहरों में 12 करोड़ शौचालय बने। मोदी सरकार की जनधन योजना के तहत देशभर में 48.93 करोड़ लोगों ने अपने बैंक खाते खुलवाये। ये खाता जीरो बैलेंस के साथ शुरू होता है। पीएम मोदी की मुद्रा योजना में लोगों को बिना गारंटी के सस्ता ऋण दिया गया। इस योजना के तहत अब तक 40.82 करोड़ लोगों को 23.2 लाख करोड़ का कर्ज दिया गया। पीएम आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के लिए 3.45 करोड़ घर बनाये गये। मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9.59 करोड़ घरों में एलपीजी कनेक्शन की पहुंच बनी। केंद्र सरकार की जन आरोग्य योजना के तहत 4.44 करोड़ लोगों का इलाज हुआ। मोदी सरकार की किसान सम्मान निधि योजना के तहत देशभर के 12 करोड़ किसानों को हर साल छह हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। मोदी सरकार की हर घर जल योजना के तहत अब तक 11.66 करोड़ परिवारों को पीने का साफ पानी मुहैया कराया जा चुका है। वहीं, कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुए कोविड टीकाकरण में अब तक 220.67 करोड़ वैक्सीन की डोज लगायी जा चुकी है। 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। 2015 में पीएम आवास योजना को तेजी से आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया। 2016 में नोटबंदी का फैसला कर पीएम मोदी ने सभी को चौंका दिया था। 2017 में देश की अर्थव्यवस्था को तेज गति देने के लिए जीएसटी लागू करने का फैसला किया। 2018 में मोदी सरकार ने पात्र लाभार्थियों के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की, जिसके तहत पात्र लाभार्थियों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। 2019 में मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाने का फैसला किया था। राम मंदिर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 2020 में मोदी सरकार ने राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट का गठन कर दिया। 2021 में कोरोना से बचाव के लिए मोदी सरकार ने स्वदेशी वैक्सीन के जरिये टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। डिजिटल इंडिया के सपने को पूरा करने के लिए 2022 में मोदी सरकार ने 5जी सेवाओं की शुरुआत की। 2014 में देश के अंदर मेडिकल कॉलेज की संख्या 387 थी, जो अब बढ़ कर 692 हो चुकी है। 2023 में एम्स की संख्या बढ़ कर 24 हो चुकी है, जो 2014 में केवल छह थी। 2014 तक देश में 723 यूनिवर्सिटी थीं, जो 2023 में बढ़ कर 1472 हो चुकी हैं। 2014 तक देश में 16 आइआइटी संस्थान थे, जो 2023 में बढ़ कर 23 हो चुके हैं। 2014 तक देश में 13 आइआइएम थे, जो अब 20 हो चुके हैं। 2014 में भारत की बिजली उत्पादन क्षमता 2.34 लाख मेगावाट थी, जो 2023 में बढ़ कर 4.17 लाख मेगावाट हो गयी। 2014 तक देश में 13 करोड़ गैस कनेक्शन थे, जो 2023 में बढ़ कर 31 करोड़ हो गये हैं। 2014 तक देश में नेशनल हाइवे की पहुंच 91 हजार 287 किमी तक थी, जो 2023 में 1.44 लाख किमी से ज्यादा हो गयी। 2014 तक देश में एयरपोर्ट की संख्या 74 थी, जो 2023 में बढ़ कर 148 हो गयी। 2014 तक देश में रेल मार्गों का 21,614 किमी हिस्सा ही इलेक्ट्रिक लाइन से जुड़ा था, जो 2023 में बढ़ कर 58 हजार 812 किमी तक पहुंच गया है।

वे फैसले, जो मील के पत्थर साबित हुए

मोदी सरकार ने 30 जुलाई 2019 में तीन तलाक विधेयक पारित किया था, जिसके बाद मुस्लिम समाज में तीन तलाक देना अपराध की श्रेणी में आ गया है। इस विधेयक को मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2019 के नाम से जाना जाता है। मोदी राज में देश ने 28-29 सितंबर 2016 की रात पहली बार सर्जिकल स्ट्राइक की। जब सुबह हुई, देश गौरवान्वित था। 11 दिसंबर 2019 को लोकसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक पारित हो गया। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न से भाग रहे हिंदू, ईसाई, बौद्ध, सिख और पारसी शरणार्थियों को देश की नागरिकता दी जायेगी। 5 अगस्त 2020 को पीएम मोदी ने अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर का भूमिपूजन किया। आज भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। 14 सितंबर, 2020 को तीन कृषि कानून वाला बिल संसद में पेश हुआ। 17 सितंबर को लोकसभा में विधेयक पारित हो गया। 20 सितंबर को राज्यसभा में ध्वनि मत से विधेयक पारित हुआ। 24 सितंबर 2020 को पंजाब में किसानों ने कृषि कानून के खिलाफ तीन दिन के रेल रोको आंदोलन की घोषणा की। बाद में सरकार ने तीनों कानून वापस ले लिये थे।

दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बने प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता चुने गये। मॉर्निंग कंसल्ट की वेबसाइट पर जारी सूची में पीएम मोदी 78 फीसदी ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग के साथ टॉप पर रहे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक समेत 16 देशों के दिग्गज नेताओं को पीछे छोड़ दिया था। पीएम मोदी को दुनिया भर में वयस्कों के बीच सबसे ज्यादा रेटिंग मिली थी। इस सूची में दूसरा स्थान मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर को मिला, जिन्हें 68 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली थी, जबकि तीसरे स्थान पर स्विटजरलैंड के राष्ट्रपति अलैन बेरसेट रहे, जिन्हें 62 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। सर्वे के मुताबिक साल 2021 के बाद पीएम मोदी की लोकप्रियता और भी बढ़ गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कई देश अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाज चुके हैं और यह सिलसिला आगे बढ़ता ही जा रहा है। पापुआ न्यू गिनी और फिजी दोनों देशों ने पीएम मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है। फिजी ने पीएम मोदी को 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किया है, तो वहीं पापुआ न्यू गिनी ने अपने सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहु' से पीएम मोदी को नवाजा है।

आसान भी नहीं रहा यह नौ साल

इस प्रकार नौ साल का यह सफर इतना आसान भी नहीं रहा। भारत को दुनिया के नक्शे पर इतना ऊंचे स्थान पर लाने के लिए पीएम मोदी और उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को खून-पसीना एक करना पड़ा। राजनीतिक विरोधियों के शब्दवाणों और गलत आरोपों के बावजूद यदि 140 करोड़ लोगों का यह देश आज भी नरेंद्र मोदी को लेकर गौरवान्वित होता है, तो इसका एकमात्र कारण यही है कि भारत आज पूरी तरह बदल गया है। बकौल पीएम मोदी, आज दुनिया भारत को सुनती है। यह यशगान भारत का है।

रांची जमीन घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल में भी अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

इडी ने जब्त किये थे कई दस्तावेज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची में हुए जमीन घोटाले में पश्चिम बंगाल के रजिस्ट्री कार्यालय और अधिकारियों का नाम इडी की जांच में सामने आया है। इसके बाद वहां हुई जांच में कोलकाता भूमि निबंधन कार्यालय में भूमि के दस्तावेजों में गड़बड़ी किये जाने के कई मामले सामने आये हैं, जिसमें रांची से जुड़ी जमीन का भी मामला शामिल है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बंगाल सरकार ने इस मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामले दर्ज कराये हैं। इडी ने दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में बड़गाईं अंचल और कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में सर्वे किया था। पीएमएलए की धारा-17 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इडी ने दोनों कार्यालय से सेना के कब्जेवाली जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन के मूल दस्तावेज कोलकाता कार्यालय से जब्त किये थे। न्यायालय के आदेश के आलोक में दस्तावेज की फॉरेंसिक जांच करायी गयी थी। इसमें दस्तावेज में छेड़छाड़ करने की पुष्टि हो चुकी है। जालसाजों ने वर्ष 1932 के मूल दस्तावेज में जालसाजी कर इस भूखंड की बंदरबांट की है। इसमें जमीन के मालिक के पते में पश्चिम बंगाल के साथ ही पिन कोड का उल्लेख किया गया था, लेकिन वर्ष 1932 में पश्चिम बंगाल राज्य था ही नहीं।

भारतीय डाक प्रणाली में पिन कोड भी 1972 में लागू किया गया। फॉरेंसिक जांच में मिले तथ्यों की जानकारी इडी ने कोलकाता के रजिस्ट्रार को दी थी। इसके बाद इडी ने कोलकाता के सब रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा को समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के दौरान उन्होंने यह स्वीकार किया था कि दस्तावेज में जालसाजी की जानकारी आइजी रजिस्ट्रेशन को दे दी गयी थी। लेकिन, उन्होंने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी. पूछताछ के बाद कोलकाता लौटने के बाद त्रिदीप मिश्रा व अन्य अधिकारियों ने इडी द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर जांच की और प्राथमिकी दर्ज करायी।

जस्टिस शाहदेव फाउंडेशन की ओर से किये जा रहे सामाजिक कार्य से राष्ट्रपति को अवगत कराया

रांची (आजाद सिपाही)। जस्टिस एलपीएन शाहदेव फाउंडेशन के निदेशक प्रतुल शाहदेव और डॉक्टर विद्या झा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू से राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने जस्टिस शाहदेव फाउंडेशन द्वारा झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में किये जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। इससे संबंधित एक बुकलेट भी राष्ट्रपति को भेंट किया। ज्ञातव्य है शाहदेव फाउंडेशन झारखंड के ग्रामीण इलाकों विशेषकर पलामू प्रमंडल में गरीब आदिवासियों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करता है। प्रतुल शाहदेव ने राष्ट्रपति को गुमला के नागवंशी साम्रज्य की राजधानी रहे नवरत्न गढ़ का तैल चित्र भेंट किया। इसे भारत सरकार के द्वारा हाल ही में देश के बारह हेरिटेज साइट में शामिल किया गया है। वहीं डॉ विद्या झा ने खुद से बनायी हुई भगवान जगन्नाथ की मिथिला पेंटिंग राष्ट्रपति को भेंट की।

मौसम ने बदला मिजाज, आज भी बारिश के साथ ओलावृष्टि होने का पूवार्नुमान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के कई जिलों में हुई बारिश ने गर्मी से थोड़ी राहत तो जरूर दी है, लेकिन तबाही भी हुई है। शुक्रवार को भी बारिश, आंधी और तूफान की वजह से पेड़ गिरे, कहीं बिजली गायब है, तो कहीं इलाके में रास्ते बंद हैं।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में 27 मई तक बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ जिलों में ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमें मुख्य रूप से राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्य जिलों में बारिश के आसार है, जहां ओलावृष्टि भी होगी। इस क्षेत्र में देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी आदि जिला शामिल हैं, जहां ओलावृष्टि की जानकारी दी गयी है। वहीं, अन्य इलाकों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश रिकॉर्ड की जायेगी।

विभाग के अनुसार राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखा जा रहा है, जिसके कारण बारिश देखी जा रही है। आनेवाले दो दिनों तक इसका असर देखा जायेगा। साथ ही 40 किलोमीटर प्रति घंटा कीरफ्तार से हवा चलने की बात कही गयी है। राजधानी रांची में पिछले दो दिनों में बारिश हुई है, जिससे राजधानी के तापमान में कमी महसूस की गयी। विभाग की मानें तो 27 मई के बाद तापमान में फिर से तेजी महसूस की जायेगी। राज्य में गुरुवार को आंधी-बारिश और वज्रपात से सात लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में दो पलामू, एक-एक रांची के राहे, खूंटी, चतरा, बेरमो, हजारीबाग के हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	35.2 °c	21.0 °c
सूर्यास्त (आज) :		18.28 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.04 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 मई, 2023
www.azadsipahi.in

दो दिवसीय यूथ एंड रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम

रोड सेफ्टी के प्रावधानों का पालन करने की शपथ ली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय के समर्पण क्लब एवं झारखंड फिल्म एंड थियेटर एकेडमी तथा राइज- अप के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय यूथ एंड रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन 25 और 26 मई को किया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा एक से बढ़कर एक रोड सेफ्टी से संबंधित रंगोली में पेंटिंग बनायी। छात्रों ने रोड सेफ्टी से संबंधित अपने भावनाओं को ने केवल रंगोली एवं पेंटिंग में पिरोया, बल्कि सभी को रोड सेफ्टी से बचाव एवं जीवन के महत्व से भी अवगत कराने में कामयाब रहे। साथ ही साथ समर्पण क्लब के सैकड़ों छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय के एमपी थिएटर से लेकर गेट नंबर सात तक रोड सेफ्टी जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने रोड सेफ्टी से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं से संबंधित स्लोगन एवं नारे लगाते हुए सभी को जागरूक करने में कोई कमी नहीं छोड़ी।

इसके अलावा गिव अ लिटिल, हेल्प अ लॉट थीम पर फूड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने काफी बढ़ चढ़ कर अपनी भूमिका निभायी। शुक्रवार को रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर बीके बिरला ऑडिटोरियम में सेमिनार का आयोजन कर जागरूकता फैलाने का भरपूर प्रयास किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राइज-उप के सचिव सह रोड सेफ्टी कार्यकर्ता ऋषभ आनंद ने छात्रों को रोड सेफ्टी के प्रावधानों को बड़े ही बारीकी से न केवल समझाया, बल्कि उन्हें रोड सेफ्टी के प्रावधानों का पालन करने के लिए शपथ भी दिलवायी। उन्होंने यूथ को संयमित रूप से यातायात नियमों का पालन करते हुए ना केवल वर्तमान की जल्दबाजी की गाड़ी, बल्कि जीवन की गाड़ी को समझदारी से आगे बढ़ाने की सलाह दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने रोड सेफ्टी के महत्व के बारे में सविस्तार चर्चा करते हुए जीवन के महत्व को भी समझाया। उन्होंने सदैव सजग एवं अनुशासित होकर बगैर अति जल्दबाजी किये धैर्यपूर्वक रोड सेफ्टी के प्रावधानों का अक्षरसः पालन करने की अपील की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि आज रोड सेफ्टी जागरूकता के अभाव के कारण हजारों लोग असमय न केवल काल के गाल में समा रहे हैं, बल्कि अपने घर, परिवार एवं समाज को कष्टप्रद स्थिति झेलने को मजबूर कर जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि जान है, तो जहान है। उन्होंने ड्राइविंग करते हुए मोबाइल के प्रयोग नहीं करने की सलाह दी।

इस अवसर पर छात्रों द्वारा झारखंड फिल्म एंड थियेटर एके-डमी के निमार्ता और निर्देशक राजीव सिन्हा के निर्देशन में हॉर्न धीरे बजा रे पगले नाटक का मंचन कर यातायात पर नियमों से परिचित कराया गया साथ ही यमलोक जीरो किलोमीटरॉ शीर्षक पर नाटक का मंचन करते हुए जीवन की महता की ओर ध्यान केंद्रित कराया गया। दो दिनों तक चले यूथ एंड रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में तीस विभिन्न विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मंच संचालन डॉ आरोही आनंद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन समर्पण क्लब के प्रेसीडेंट एवम वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ संदीप कुमार ने दिया जबकि धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता समर्पण क्लब के सदस्य सह सहायक प्राध्यापक डॉ राशि मालपानी के द्वारा पूरी की गई। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में समर्पण क्लब के सागर खेलसा, अनन्या वर्मा, रिशुराय, दिलखुश कुमार, विशाल झा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्रो एसबी दंडीन, डॉ संदीप कुमार, डॉ सुबानी बाड़ा, अजय कुमार, प्रवीण कुमार , डॉ अशोक कुमार अस्थाना, प्रो अमित गुप्ता, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ आरोही आनंद, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ अभिषेक चौहान, डॉ भारद्वाज शुक्ला, डॉ विदुषी शर्मा, डॉ मेघना घोष, डॉ प्रियंका पाण्डेय, अनुभव अंकित, किशलय कुमार, आशीष, उमंग आदि उपस्थित थे।

राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश महामंत्री, सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, प्रदेश मंत्री और विधायक नवीन जायसवाल, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, समरी लाल, प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास ने मुलाकात की।

कांग्रेस के अजय साह ने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अजय साह अपने समर्थकों के साथ भाजपा दामन थामा। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला द्वारा आयोजित मिलन समारोह में भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा और मिलन समारोह की अध्यक्षता कर रहे भाजपा रांची महानगर जिलाध्यक्ष केके गुप्ता की मौजूदगी में अजय साह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। श्री साह विगत दस वर्षों से झारखंड और महाराष्ट्र में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कई अहम पदों पर रहे है तथा वर्तमान में चाणक्य आईएएस एकेडमी में राजनीति विज्ञान और नैतिक विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक है।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर लगातार भाजपा का जनाधार बढ़ रहा है और आम जनमानस पार्टी को एक अटूट विश्वास के साथ देख रहे है। मिलन समारोह का संचालन महानगर महामंत्री बलराम सिंह एवं संचालन इंद्रजीत यादव ने किया। इस अवसर पर अमित सिंह, अनिता वर्मा, बिना मिश्रा, राजकुमार महतो, बालशाई महतो पार्टी की ओर से उपस्थित रहे।

श्री साह के साथ भाजपा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से चाणक्य आइएएस एकेडमी के सीइओ अभिनव मिश्रा, अधिवक्ता संजय साह, राजवर्धन, प्रवीन शंकर, ओम प्रकाश, ब्रजेश झा, वसीम खान, मिराज खान, राजेश प्रसाद, शुभम झा, उज्ज्वल गुप्ता, अजय शर्मा, अभिजीत राज, अनीश देव, प्रखर लोहिया, रौशन गोनू, विशाल, उमा शंकर सहित अन्य शामिल है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। संतोषजनक धन लाभ। पारिवारिक दायित्व निर्वहन

वृष चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी। बिजनेस में शुभ परिवर्तन। आर्थिक लाभ।

मिथुन समय अनुकूल है। किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।

कर्क साहसिक कार्य में सफलता। विरोधियों पर विजय। संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

सिंह आमदनी में वृद्धि होगी। नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। मनोकामनाएं पूरी होगी।

कन्या आर्थिक लाभ। प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

तुला नयी आशाओं का उदय होगा। धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन सुखद।

वृश्चिक बिगड़ा काम बनेगा। व्यवसाय में लाभ। भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

धनु गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति। सुखमय वातावरण।

मकर षड्यंत्र विफल होगा। माता-पिता का सहयोग। रोजी-रोजगार में तरक्की। मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभ धन लाभ। मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। विरोधियों पर विजय मिलेगी।

मीन रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा। जमीन-विवादों का समाधान मिलेगा।

साहिबगंज में 10 मोबाइल के साथ सैफ अली खान गिरफ्तार

साहिबगंज। तालझारी थाना पुलिस ने चोरी की 10 मोबाइल समेत एक आरोपित सैफ अली खान को महाराजपुर नया टोला के समीप से शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया। उसके पास से दो बाइक भी बरामद हुई है। गिरफ्तार सैफ अली खान महाराजपुर निवासी है। पुलिस को आशंका है कि वह मोबाइल चोर गिरोह से जुड़ा हो सकता है। तालझारी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि महाराजपुर नया टोला के समीप चोरी की मोबाइल खरीद-बिक्री की जा रही है।

प्लास्टिक फ्री जीवनशैली को विकसित करना होगा : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

आरयू में जलवायु परिवर्तन पर दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आर्यभट्ट सभागार में जलवायु परिवर्तन चुनौतियां एवं अवसर विषय पर एक बहुत ही सफल संगोष्ठी का समापन हो गया। यह संगोष्ठी जूलॉजी डिपार्टमेंट आरयू तथा आइक्यूएसी के द्वारा आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया गया। इसमें देश के कई शहरों से प्राध्यापकों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। कुलपति आरयू प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा इस संगोष्ठि में आये सभी वक्ताओं को स्मृति चिह्न, शॉल तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

कुलपति ने कहा कि संगोष्ठी के दूसरे दिन के कार्यक्रम में डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि हमें वर्तमान जीवन शैली को बदलना होगा और प्लास्टिक फ्री जीवनशैली को विकसित करना होगा। वर्तमान में हमारा खान पान भी हमारे स्वास्थ्य सहित प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहा है। हम वैसे भोजन का सेवन हमें अपने पारंपरिक खान-पान की शैली पर विशेष ध्यान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्लासिटक फ्री परिवेश बनाने के लिये प्रत्येक व्यक्ति को एक लिस्ट बना कर अपने कार्यस्थल और परिसर में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का प्रयास करना चाहिए।

कुलपति आरयू प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि अब रांची विश्वविद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में हम और हमारे छात्र एक पौधा अवश्य लगायेंगे । हाल में ही झारखंड सरकार से यह पत्र मिला है कि हमें एक जून से सात

जून तक एक स्प्ताह का पर्यावरण सप्ताह मनाना है, पर हम इसे एक पखवाड़े तक आयोजित करने जा रहे हैं और यह पर्यावरण पखवाड़ा इस संगोष्ठी के 25 जून से ही प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में मैं किसी लीडर की तरह नहीं बल्कि सबों के साथ एक सहयोगी की तरह उपलब्ध हूं।

संगोष्ठी में ओरल प्रेजेंटेशन के लिये छात्रों एवं प्राध्यापकों को कुलपति एवं अन्य द्वारा पुरस्कृत किया गया, जिसमें जमशेदपुर की पीजी की छात्रा पूजा कुमारी को प्रथम पुरस्कार, आरएलएसवाइ कॉलेज के जूलॉजी की प्राध्यापक माधुरी कुमारी को द्वितीय पुरस्कार, मनीष कुमार साहू एंथ्रोपोलॉजी विभाग आरयू के प्राध्यापक को तृतीय पुरस्कार तथा पोस्टर प्रेजेंटेशन के लिए साइकॉलॉजी विभाग जेएन कॉलेज की प्राध्यापक इंदू सोलंकी को पुरस्कृत किया गया। संगोष्ठी में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू ने कहा कि हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बना कर जीने की कला आनी चाहिए। यह सारी चीजें हम आदिवासी समाज से सीख सकते हैं। आदिवासी समाज वृक्षों की पूजा करता है, जल्दी किसी वृक्ष को काटता नहीं, उसके सारे पर्व त्योहार प्रकृति के साथ जुड़े होते हैं। वास्तव में आदिवासी प्रकृति का रक्षक और सेवक है।

संगोष्ठी में बीएचयू बनारस से आये प्रो एकके त्रिगुण, उमाशंकर सिंह ने भी जलवायु परिवर्तन विषय पर अपने शोधपरक जानकारियों से सभी लोगों को अवगत कराया।

आरयू के पूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक, मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य रहे एवं शिक्षाविद् डॉ तुलस्यान ने रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय संगोष्ठी की प्रसंशा की। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो बीके सिन्हा एवं सोनी कुमारी तिवारी ने किया। प्रो बीके सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर कुलसचिव आरयू डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, एफओ डॉ कुमार आदित्यनाथ शाहदेव, डॉ फिरोज अहमद, एफए डॉ देवाशीष गोस्वामी, सीसीडीसी डॉ पीके झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, एफओ डॉ कुमार आदित्यनाथ शाहदेव, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ जीएस झा समेत, साइंस डीन डॉ कुनुल कुंदिर उपस्थित थे।

गिरिडीह में हार्ट अटैक से एएसआइ की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। हार्ट अटैक आने के बाद इलाज के क्रम में शुक्रवार को एक एएसआइ की मौत हो गयी। मृतक एएसआइ दरोगी सिंह फिलहाल देवघर में पोस्टेड थे और ट्रेंनिग कर रहे थे। शुक्रवार की सुबह ड्यूटी के दौरान ही अचानक दरोगी सिंह की तबीयत बिगड़ गयी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल देवघर लाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। इसी दौरान देवघर से रांची जाने के क्रम में गिरिडीह बेंगाबाद टोल टैक्स के समीप उनकी तबीयत और बिगड़ गयी। इसके बाद उन्हें तुरंत गिरिडीह सदर अस्पताल लाया गया, जहां

उनकी मौत हो गयी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी आरएन चौधरी समेत तमाम पुलिस पदाधिकारी और जवान सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढ़स बंधाया ओर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया। घटना के बाद पुलिस पदाधिकारियों में शोक की लहर है।

नमो क्रिकेट कैंप का 10 दिवसीय आयोजन होगा रांची में : संजय सेठ

विभिन्न विद्यालय के 200 बच्चों ने दिया आवेदन

1 से 10 जून तक कांके में, 28 को होगा ट्रायल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। क्रिकेट की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रांची के सांसद संजय सेठ के द्वारा नमो क्रिकेट कैप का 10 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। संजय सेठ ने कहा कि क्रिकेट में संभावनाओं को थोड़ा सा तराश कर और बेहतर किया जा सकता है। रांची ने क्रिकेट जगत को महेंद्र सिंह धोनी जैसे सितारे दिये। भविष्य में कई महेंद्र सिंह धोनी रांची में है, जिसे थोड़ा सा मनोबल बढ़ाने की आवश्यकता है। थोड़े बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता

है। इसी उद्देश्य से 1 जून से 10 जून तक शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू (कांके) में 10 दिवसीय नमो क्रिकेट कैप का आयोजन किया गया है। इस क्रिकेट कैंप का संचालन बिहार झारखंड के भूतपूर्व रणजी खिलाड़ी प्रदीप खन्ना के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। यहां बच्चों को क्रिकेट के बेहतर गुर सिखाया जायेंगे। इस क्रिकेट कैप में नवोदित अंडर 17 क्रिकेटरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

खेल के संयोजक संजय पोद्दार ने बताया कि अभी तक रांची के विभिन्न स्कूलों से 200 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसी के निमित्त 28 जून को शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू कांके में सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों का ट्रायल आयोजित की गयी है। सभी बच्चों को सुबह 7:30 बजे रिपोर्टिंग करनी है। सुबह 8 बजे से ट्रायल प्रारंभ होगा। ट्रायल के आधार पर 50 बच्चों का चयन किया जायेगा।

प्रशिक्षण में भाग लेने वाले खिलाडियों की उम्र सीमा 15 से 17 वर्ष निर्धारित की गयी है। प्रयास किया गया है कि रांची के हर एक स्कूल एवं हर एक क्षेत्र के बच्चे आ सके यह प्रशिक्षण सुबह 7 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जायेगी। इस प्रशिक्षण शिविर में झारखंड के कई नामी गामी खिलाड़ियों द्वारा भी बच्चों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। सांसद सेठ ने कहा यह तो अभी शुरूआत है आगे भी जरूरत के मुताबिक इस तरह के प्रशिक्षण हर क्षेत्रों में दिए जायेंगे।

आत्मनिर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की तीन युवकों ने की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। हॉकी सिमडेगा की ओर से पंचायत स्तर पर चलायी जा रही खेल प्रतियोगिताओं से प्रेरित होकर कुरकुरा के युवाओं ने अपने गांव में आत्मनिर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की है। शुक्रवार को हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने इस प्रशिक्षण स्थल पर पहुंच कर प्रशिक्षको और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कभी इसी तरह करगागुडी में भी स्थानीय स्तर से हॉकी ट्रेनिंग की शुरुआत की गश्र थी, जहां से अब आधा दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने देश का प्रतिनिधित्व किया है और कोरोमिया में भी आप लोगों की तरह स्थानीय स्तर पर हॉकी कि शुरूआत की गयी थी। आज झारखंड पुरुष टीम में ज्यादातर खिलाड़ी इसी गांव से रहते हैं, बस 365 दिन हॉकी का आप लोग अभ्यास करते रहें,आपका भविष्य उज्ज्वल है, हॉकी सिमडेगा आपके साथ है। उन्होंने बताया कि सिमडेगा जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर बांसजोर प्रखंड और ठेठईटांगर प्रखंड सिमाना के सुदूरवर्ती इलाके में बसे कुरकुरा पहान टोली में स्थानीय युवकों ने अपने इलाके के हॉकी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए आत्मनिर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की है। इसके तहत गांव में खाली पड़ी जमीन को खुद से समतल कर मैदान का रूप दिया गया है और वहां 105 बालक बालिका हॉकी खिलाड़ियों को प्रत्येक दिन सुबह शाम गांव के ही तीन युवक पौलूस कीड़ो, सुरेश बा और अनमोल टोपनो निःशुल्क रूप से हॉकी का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

RANCHI UNIVERSITY RANCHI

VERY SHORT LIMITED RE-TENDER NOTICE

Sealed tenders are invited from authorized firms/suppliers for Supply of Sports items for Ranchi University on Annual Rate Contract Basis.

The tender document can be purchased from the office of CCDC, Ranchi University. Ranchi on any working days from **25.05.2023** to **01.06.2023** between **10.30 a.m.** to **4.00 p.m.** on payment of **Rs.1000.00 (Rupees One Thousand Only)** by non refundable demand draft in the favor of **"Registrar, Ranchi University"**, payable at **Ranchi.**

The tenders can be submitted until **2.00 p.m.** on **01.06.2023** in the office of **CCDC, Ranchi University** and will be opened on the same date at **3.30 p.m.**

By order of the Vice Chancellor
Sd/- Registrar
Ranchi University, Ranchi

Memo No. : PL/555-61/23
Dated : 24.05.2023

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 मई, 2023
www.azadsipahi.in

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरना धर्म कोड पर बात की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शुक्रवार को मुलाकात कर उनका अभिवादन किया। श्री ठाकुर ने राष्ट्रपति से कहा कि आप इस बात से भली भांति अवगत हैं कि झारखंड प्रदेश के आदिवासियों की ओर से लंबे समय से अलग सरना धर्म कोड की मांग केंद्र सरकार से की जा रही है।

श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों के विभिन्न आदिवासी समूह भी अपने विशिष्ट पहचान एवं अस्तित्व के रक्षार्थ एकजुटता से अलग सरना धर्म कोड की मांग पूरी प्रतिबद्धता से उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान गठबंधन की सरकार की ओर से 11 नवंबर 2020 को विधानसभा से सर्वसम्मति से सरना धर्म कोड बिल पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया है। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से अब तक इस विषय पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। आप संविधान के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं, यह सरना धर्म कोड की मांग करने वालों के लिए सौभाग्य की बात है।

प्रदेश अध्यक्ष के साथ राष्ट्रपति से मिलने वालों में प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सांसद गीता कोड़ा, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, पूर्व मेयर रमा खलखो, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो शामिल थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

छोटानागपुर लॉ कॉलेज में एलएलबी प्रथम वर्ष में नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 जून

रांची (आजाद सिपाही)। छोटानागपुर लॉ कॉलेज में एलएलबी प्रथम वर्ष के सत्र 2023 -24 में नामांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून है। नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 02 जुलाई को होगी। इसका रिजल्ट 17 जुलाई को जारी कर दिया जाएगा। नामांकन की तिथि 21 जुलाई से 05 अगस्त तक है। कक्षाएं 16 अगस्त से शुरू होंगी। स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुए विद्यार्थी भी इसमें आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म की कीमत 12 00 रुपए है। आवेदन फॉर्म कॉलेज में उपलब्ध है। ऑनलाइन फॉर्म कॉलेज के बेबसाइट से भी डाउनलोड कर भरा जा सकता है। प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक फॉर्म प्राप्त किया जा सकता है।

रिम्स और सीआइपी के बीच हुआ एमओयू

रांची (आजाद सिपाही)। राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स), रांची और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकेट्रिक (सीआइपी), रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर शुक्रवार को हस्ताक्षर हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के चिकित्सकों और कर्मियों के साथ नैदानिक सेवाओं, जनशक्ति प्रशिक्षण और उच्च अनुसंधान के उन्नयन के लिए आपसी सहयोग सुनिश्चित करना है। रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद और सीआइपी के निदेशक डॉ बासुदेब दास ने संबंधित संस्थानों के नोडल अधिकारियों डॉ अजय बाखला और डॉ संजय कुमार मुंडा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन को निष्पादित किया। इस मौके पर डॉ अनिल कुमार, डॉ प्रदीप भट्टाचार्य, डॉ अविनाश शर्मा और डॉ निशांत गोयल उपस्थिति रहे।

दुर्गा वाहिनी-मातृशक्ति का प्रशिक्षण वर्ग 3 जून से

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा दुर्गा वाहिनी-मातृशक्ति का प्रशिक्षण वर्ग 3 जून से 10 जून तक आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किया गया है। इस संबंध में प्रांत मातृशक्ति प्रमुख दीपा रानी कुंज ने शुक्रवार को बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में हिंदू युवतियों और महिलाओं को शौर्य, साहस, स्वाभिमान, देश, धर्म और समाज के प्रति निष्ठा का भाव जागृत कराने और आत्मरक्षा के गुर सिखाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि दुर्गा वाहिनी के लिए 15 से 35 वर्ष की युवतियां और मातृशक्ति के लिए 35 से 60 वर्ष की महिलाएं पूरे राज्य भर से प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होंगी।

बिरसा कृषि विवि ने इंडस्ट्री मीट में चैंबर से सहयोग मांगा



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री से मिल कर विश्वविद्यालय द्वारा 2 और 3 जून को आयोजित किये जा रहे दो दिवसीय बीएयू इंडस्ट्री मीट में उपस्थिति के साथ ही इस मीट में सहभागिता का आग्रह किया। कहा कि बीएयू द्वारा आयोजित किये जा रहे मीट का उद्देश्य विश्वविद्यालय और उद्योगों के बीच संबंधों को मजबूत करना और इच्छुक छात्रों को निजी और एनजीओ क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। बीएयू मीट के माध्यम से उद्योगों को अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने और गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन की भर्ती का अवसर मिलेगा। बीएयू के अधिकारियों ने चैंबर अध्यक्ष से बीएयू मीट में उद्योगों की भागीदारी में सहयोग का आग्रह किया, जिस पर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सहमति जतायी। विदित हो कि बीएयू इंडस्ट्री मीट का उद्घाटन सुबह 11 बजे कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बीएयू, में होगा। इंडस्ट्री मीट में सीड कंपनी, नर्सरी, फटीर्लाइजर, रसायन, वेटनरी मेडिसीन, फिशरीज एंड एक्वाकल्चर, डेयरी टेक्नोलोजी, इंजीनियरिंग इम्पलीमेंट्स के स्टॉल लगाये जायेंगे। इस इंडस्ट्री मीट में स्टॉल लगाने के ईच्छुक उद्यमी चैंबर से भी संपर्क कर सकते हैं। बैठक में चैंबर अध्यक्ष के अलावा बीएयू के अधिकारी बीके झा और अन्य उपस्थित थे।

राज्य में बिजली संकट के लिए सीपी सिंह ने हेमंत सरकार को ठहराया कसूरवार

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने शुक्रवार को राज्य में व्याप्त बिजली संकट को लेकर हेमंत सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भयंकर बिजली संकट झेल रही है। यहां नियमित अंतराल में बिजली कट रही है। कुछ इलाकों में घंटों में बिजली गुल रहती है। श्री सिंह ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी भीषण गर्मी में राजधानी रांची में उत्पन्न घोर बिजली-पानी संकट से जनता के बीच हाहाकार मचा हुआ है लेकिन सरकार सोई हुई है। राज्य सरकार ने बिजली न्यूनतम दर पर देने का वायदा किया था लेकिन राज्य सरकार ने आपूर्ति ही न्यूनतम कर दी। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है की जब-जब हेमंत सरकार सत्ता में आती है तब-तब यही स्थिति उत्पन्न होती है।

मान्यवर और मोहे ने पूर्वी भारत के अपने सबसे बड़े स्टोर का रांची में किया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। वैवाहिक परिधानों के चर्चित ब्रांड मान्यवर और मोहे ने झारखंड के रांची शहर में पूर्वी भारत का अपना सबसे बड़ा स्टोर खोला है। रांची क्लब के सामने स्थित यह स्टोर पुरुषों एवं महिलाओं के लिए पारंपरिक परिधानों और शादी के परिधानों के विकल्पों की महत्वपूर्ण रेंज पेश करता है। शहर में 17,000 वर्ग फीट का यह विशाल स्टोर तीन मंजिलों (मान्यवर के लिए दो तथा मोहे के लिए एक) में विभाजित है और शेरवानी, इंडो-वेस्टर्न, कुर्ता, कुर्ता सेट, कुर्ता जैकेट सेट व एक्सेसरीज के साथ 1000-1500 से अधिक यूनिक स्टाइल एवं डिजाइनों की पेशकश करता है। पुरुषों के लिए एक अद्भुत विविधता के साथ यह ब्रांड लड़कों को चयन के लिए कई तरह के आउटफिट भी प्रदान करता है। महिलाओं के कलेक्शंस के लिए, मोहे के संग्रह में लहंगे (ब्राइडल एवं गैर-ब्राइडल), साड़ी, स्कर्ट-टॉप सेट एवं गाउन शामिल हैं। स्टोर एक परिष्कृत, बुटीक जैसा माहौल प्रस्तुत करता है, जो डिस्प्ले किये गये सुंदर परिधानों को और भी खूबसूरत बनाता है। शादी के कलर-ब्लॉक्ड परिधानों और उत्सव के अनुकूल परिधानों की लाइन दीवारों पर सजी हैं, जबकि तीन मंजिला स्टोर के अंदरूनी भाग सॉफ्ट बीज एवं सुनहरे रंगों वाले हैं, जो वातावरण को सुखद बनाते हैं। विशेष रूप से डिजाइन की गयी लाइटिंग से स्टोर को सेलेब्रेटरी रूप मिलता है और कपड़ों की बनावट निखर कर सामने आती है। यह शानदार सेटिंग शॉपिंग एक्सपीरियंस को बढ़ाती है और ग्राहकों को एक भव्य, उत्सवी माहौल में खुशियों व संस्कृति की दुनिया खोजने में मदद करती है। स्टोर में मान्यवर के नवीनतम कैंपेन वाले शानदार सेलिब्रिटी कलेक्शन मौजूद हैं, जो कि आपके शॉपिंग एक्सपीरियंस को अविस्मरणीय बनाते हैं और स्टोर की अपील को बढ़ाते हैं। #तैयार होकर आयें कैंपेन कलेक्शन में ट्रेंडिंग वेडिंग और फेस्टिव मेन्सवेयर शामिल हैं, जिन्हें करिश्माई रणवीर सिंह ने पहना और पेश किया है। महिलाओं के लिए, स्टोर कियारा आडवाणी अभिनीत #दुल्हनवाली फीलिंग कैंपेन से लिया गया है, जो एक उत्कृष्ट ब्राइडल कलेक्शन पेश करता है। इस कलेक्शन में हर दुल्हन को उसके सबसे खास दिन पर विशेष और सुंदर महसूस कराने के लिए डिजाइन किये गये विभिन्न प्रकार के जटिल डिजाइन वाले लहंगे शामिल हैं। स्टोर के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर वेदांत मोदी ने कहा कि हम पूर्वी भारत में अपने इस सबसे बड़े स्टोर में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए व्यापक पेशकश के साथ अपने सबसे अच्छे उत्सवी कपड़े लाने के लिए काफी उत्साहित हैं। भारत, वर्तमान में विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इस वृद्धि का श्रेय मुख्य रूप से देश के छोटे शहरों और कस्बों में फलते-फूलते मध्यम वर्ग को जाता है। एक स्वदेशी सेलिब्रेशन-वियर ब्रांड के रूप में, हम अपने ब्रांडेड पोर्टफोलियो के साथ विकास की इस लहर के साथ चलने के लिए तैयार हैं। हम इस अवसर पर उन सभी का हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जिन्होंने इस यात्रा में हमारा साथ दिया है। आपका उत्साह, फीडबैक और वफादारी हमारे लिए अमूल्य है, जिसके चलते हम उत्कृष्टता के अपने वादे को पूरा कर पा रहे हैं। हम अपने दरवाजे पर आपका स्वागत करने और इस नये चैप्टर को मिल कर शुरू करने के लिए तत्पर हैं। मान्यवर शादी के दिन आपकी बेहतरीन पोशाक के लिए सर्वश्रेष्ठ फैशन वैडिंग कलेक्शन लाया है। यह कलेक्शन दूल्हों को एक स्टाइलिश मेकओवर देगा जो उनके वैडिंग डे को विशेष रूप से खास बना देगा। बारीक कढ़ाई के काम से लेकर एक्सपर्ट क्राफ्टमैनशिप और डिजाइन तक, अपने स्टाइल को बढ़ाने के लिए आपको बस मान्यवर ही चाहिए। अधिक जानने और एक्स्प्लोर करने के लिए उनकी वेबसाइट www.manyavar.com पर जा सकते हैं। वेदांत फैशन, मोहे के माध्यम से भी महिलाओं के लिए विवाह और उत्सव के परिधानों की अपनी रेंज पेश करता है और अपने रीजनल हैरिटेज ब्रांड-मेबाज के साथ संपूर्ण परिवार की जरूरतों को पूरा करता है।

पारस अस्पताल ने एक और कीर्तिमान स्थापित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पारस अस्पताल, रांची के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट ने एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। सबसे उन्नत और नवीनतम तकनीक कोरोनरी आइवीएल (इंट्रावास्कुलर लिथोट्रिप्सी) आधारित एंजियोप्लास्टी सर्जरी की गयी। पारस रांची में इंट्रावास्कुलर लिथोट्रिप्सी (आइवीएल) तकनीक द्वारा 82 वर्षीय पुरुष रोगी में एंजियोप्लास्टी की गयी, जिसका उत्कृष्ट परिणाम रहा। 82 साल के पुरुष की 10 साल पहले एंजियोप्लास्टी हुई थी, लेकिन उन्हें सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। एंजियोग्राफी के अनुसार, उनकी कोरोनरी धमनी में गंभीर रुकावट थी, जो गंभीर रूप से कैल्सीफाई था। डाक्टर महेश कुशवाहा ने पाया कि मरीज की धमनी में गंभीर रूप से हानिकारक अवरोध का कैल्सीफिकेशन (कैल्शियम जमाव) है, जो सर्जरी को गंभीर रूप से जटिल बना सकता है और स्टेंट को डालने में परेशानी कर सकता है। रोगी की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची शहर में पहली बार पारस अस्पताल में इंट्रावास्कुलर लिथोट्रिप्सी (आईवीएल) तकनीक का उपयोग करके एंजियोप्लास्टी की गयी। पारस अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार ने बताया कि पारस अस्पताल हमेशा से किफायती दर पर आधुनिक सर्वोत्तम कार्डियक उपचार उपलब्ध कराने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं। पारस अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ महेश कुशवाहा ने कहा कि आइवीएल का उपयोग करके उत्कृष्ट दीर्घकालिक परिणाम प्रदान किया जा रहा हैं।

2023 की इनोवेटिव आर्किटेक्ट बनीं प्रज्ञा मित्तल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारत की प्रतिष्ठित वास्तुकारों की संस्था यूपी आर्किटेक्ट एसोसिएशन ने देश के प्रमुख वास्तुकार एवं डिजाइन पुरष्कार के तहत रांची की प्रज्ञा मित्तल को वर्ष 2023 का मोस्ट इनोवेटिव आर्किटेक्ट के पुरष्कार से सम्मानित किया है। प्रज्ञा ने बहुत ही कम समय में यह उपलब्धि हासिल कर ली है। पुरष्कार पाने के बाद हर्षोल्लास के साथ प्रज्ञा मित्तल ने बताया की 2017 में देश की प्रतिष्ठित अमिटी विश्वविद्यालय, जयपुर से वास्तु विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की उसके बाद अपनी निरंतर लगन और मेहनत की बदौलत मात्र छह साल की अल्प अवधि में यह मुकान हासिल किया है। प्रज्ञा बताती है की करियर को यहां तक पहुंचाने में उनके माता-पिता का अहम योगदान रहा है। प्रज्ञा मित्तल ने वर्ष 2019 में रांची के कॉमर्स टावर स्थित एक छोटे से कार्यालय में प्रज्ञा मित्तल आर्किटेक्चर स्टूडियो के नाम से अपनी खुद की एक कंपनी बनाई। इसके बाद अपना लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत के साथ अपने काम में लग गयी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। आर्किटेक्चर, इंटीरियर डिजाइन और नये मकान के भूनिर्माण (लैंड स्कैपिंग) से संबंधित सेवाओं में प्रज्ञा ने बहुत मेहनत की। धीरे धीरे कंपनी को लोग जानने लगे और उनका काम बढ़ता गया। रांची शहर के साथ साथ आसपास के शहरों में भी आवासीय बहुमंज़िली इमारतें, बंगला, व्यावसायिक कार्यालय, बड़े बड़े दुकान सहित इंटीरियर के कई प्रोजेक्ट को प्रज्ञा ने सफलतापूर्वक पूरा किया। रांची, दिल्ली, जयपुर, गुना सहित झारखंड के भी कई अन्य ज़िलों में प्रज्ञा मित्तल आर्किटेक्चर स्टूडियो ने कई बड़े प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

शिव शिष्य हरिंद्रानंद फाउंडेशन की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शुक्रवार को साहब हरिंद्रानंद द्वारा स्थापित न्यास शिव शिष्य हरिंद्रानंद फाउंडेशन वैश्विक शिव शिष्य परिवार एवं संस्था शिव शिष्य परिवार से जुड़े शिव शिष्यों/शिष्याओं कि एक संयुक्त बैठक हुई। साहब हरिंद्रानंद जी के शिवलीन होने के उपरांत यह पहली आमसभा उनके आवास उपवन एचइसी धुर्वा में हुई। आमसभा की शुरूआत में साहब हरिंद्रानंद को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी।

इस अवसर पर सभी ने साहब हरिंद्रानंद एवं दीदी नीलम के बताये पथ पर चलने का संकल्प लिया। बरखा आनंद ने कहा कि साहब और दीदी ने अपना पूरा जीवन लोगों को महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से जोड़ने में लगा दिया, अब हम सभी का कर्तव्य है कि उनके उद्देश्य पर हम सभी चलते हुए पूरी सृष्टि को महागुरु महादेव का शिष्य बना कर अपना और जनमानस का भी कल्याण करें।

इस बैठक में मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद ने कहा कि साहब हरिंद्रानंद और दीदी नीलम अब शरीर में नहीं हैं परंतु उनकी पल प्रतिपल उपस्थिति हम सब के साथ है। उन्होंने साहबश्री कि समाधि स्थल रांची में बनाने का प्रस्ताव रखा इस समाधि स्थल में दीदी नीलम की स्मृति से जुड़ी चीजें भी रहेंगी और एक भव्य शिव मंदिर का निर्माण भी किया जायेगा, जिस पर शिवशिष्यों/शिष्याओं ने एकमत से सहमति दी और सहयोग की बात भी कही।

श्री अर्चित ने बताया कि साहब हरिंद्रानंद पर्यावरण के प्रति काफी संवेदनशील रहते थे, इसलिए उनके पदचिन्हों पर चलते हुए हमलोग दीदी नीलम के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर पूरे भारत वर्ष और अन्य देशों में जहां भी गुरुभाई/बहन रहते हैं, सभी से कम से कम 71 हजार पौधे (घेराव) सहित लगाने एवं उसकी देखभाल करने की अपील की, वृक्षारोपण पखवाड़ा 12 जुलाई से 27 जुलाई मनाया जायेगा। बैठक का समापन रामेश्वर मंडल ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस कार्यक्रम में शिव कुमार, राजेश, सोमेन्द्र, गौतम, भूषण, आदित्य आदि का महती योगदान रहा।

वीरेंद्र राम के कार्यकाल में आवंटित किये गये सभी कार्य को तत्काल रद्द किया जाये: विजय शंकर नायक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आय से अधिक संपत्ति के आरोप में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित अभियंता वीरेंद्र राम के कार्यकाल में पूर्व से लेकर अब तक उनके द्वारा संवेदको को आवंटित किये गये है सभी कार्य को तत्काल रद्द किया जाए, अन्यथा आंदोलन किया जायेगा। उक्त बातें शुक्रवार को झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि अभियंता वीरेंद्र राम के द्वारा जितने भी कार्य आवंटन किए गए वह अवैध रूप से पैसा लेकर नियम कानून को ताक में रखकर किये गये है। ईडी को इस बिंदु पर भी कार्रवाई करनी चाहिए कि कौन-कौन संवेदको को वीरेंद्र राम के द्वारा अब तक लाभ पहुंचाया गया और किन को गलत नियम विपरीत तरीके से कार्य को आवंटन किया गया है।

श्री नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री आलमगीर आलम को तत्काल इस दिशा में कार्रवाई करना चाहिए क्योंकि जितने दोषी अभियंता वीरेंद्र राम है उतने ही दोषी उनके द्वारा लाभ प्राप्त संवेदक भी हैं। आज सभी संवेदको के कागजों की भी जांच की जानी चाहिए ताकि वैसे संवेदको का भी भंडाफोड़ हो सके। श्री नायक ने आगे कहा कि सिर्फ वीरेंद्र राम ही एक ऐसे झारखंड में अभियंता नहीं थे जो पैसा लेकर अवैध रूप से नियम कानून को ताक में रखकर कार्य आवंटन किया करते थे अगर सही रूप से जांच की जाए तो कई विभाग में ऐसे अभियंता और जाएंगे। जिन्होंने नियम और तक कानून को रखकर पैसा लेकर अपने पद का दुरुपयोग कर कार्य संवेदको को आवंटन किए हैं। इसकी जांच करनी अति आवश्यक है। श्री नायक ने आगे यह भी कहा कि जल्द ही इस संदर्भ में इडी को सभी मुख्य अभियंता/ अभियंता प्रमुख के निजी चल अचल संपत्ति की जांच के लिए एक ज्ञापन सौंपा जायेगा और मांग करेगा कि सभी मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग के निजी चल अचल संपत्ति की जांच किया जाये।

श्री दिगंबर जैन मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव संपन्न

राहगीरों के बीच भोजन का वितरण किया गया, सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर का प्रथम वार्षिक महामहोत्सव धूमधाम से संपन्न हो गया। शुक्रवार को सर्वप्रथम श्रीजी का जलभिषेक, शांतिधारा और पूजन किया गया। इसके उपरांत पंडित दीपक जैन, हजारीबाग के पंडित राजेश जैन ने यजमान सुभाष पाटनी, देवेन्द्र गंगवाल के हाथों पंच परमेष्ठिविधि विधान विधि पूर्वक संपन्न कराया। स्वर्ण कलश से जलाभिषेक करने का सौभाग्य पंकज कुमार सेठी, जीवनमल जंबू पाटनी, हरकचंद जैन, विवेक अजमेरा, विद्या प्रकाश पदम चंद छाबड़ा, विमलचंद राहुल कुमार छाबड़ा को मिला। जबकि शांतिधारा करने का सौभाग्य पंकज कुमार सेठी, धरमचंद अविनाश विनायका, निर्मल कुमार नवनीत विनायका को मिला। वही, पांडुशिला पर जलाभिषेक करने का सौभाग्य पदमचन्द सुमित कुमार जैन, हीरालाल राजेंद्र कुमार पाटनी, विद्याप्रकाश पदमचंद छाबड़ा को मिला। पांडुशिला पर शांतिधारा करने को सौभाग्य देवेंद्र कुमार अंशुल गंगवाल, हीरालाल राजेंद्र कुमार पाटनी, अमराव देवी पाटनी को मिला। वही, मंदिर में सुबह 11 बजे से पंच परमेष्ठि विधान का आयोजन किया गया। पांच मंगल कलश और अष्ट प्रतिहार का महिलाओं के द्वारा स्थापना मांडला जी में किया गया।

महोत्सव को लेकर राहगीरों को बीच किया गया भोजन का वितरण : श्री दिगंबर जैन मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव को लेकर जैन समाज के लोगों ने मंदिर परिसर के बाहर राहगीरों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान सैकड़ों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।

समाज के ये लोग थे उपस्थित : मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिक चंद जैन, उपाध्यक्ष अरविन्द सेठी, सचिव नागरमल गंगवाल, कोषाध्यक्ष जम्मू पाटनी, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र छाबड़ा, अशोक सेठी, रमेश सेठी, सुभाष पाटनी, देवेंद्र गंगवाल, ललित चुड़ीवाल, अंकित जैन, बिनोद पहाड़िया, राजेंद्र चूड़ीवाल, पदमचन्द छाबड़ा, मांगीलाल चूड़ीवाल, सुशील चूड़ीवाल, नितिन पाटनी, जीवन पाटनी, महावीर प्रसाद गंगवाल, महेंद्र बगड़ा, टीकमचंद बगड़ा, सुमित जैन, प्रदीप पाटनी, अशोक काला, राजू सेठी, प्रमोद सेठी, बंटी सेठी, राजू पाटनी, सुनील पाटनी, सुनील सेठी, अजय पाटनी, विनय जैन, विकी अजमेरा, सौरव अजमेरा, प्रकाश चंद अजमेरा, संजय सेठी, श्याम जैन, सुनिल छाबड़ा, विकाश सेठी, ललित गंगवाल, सुभाष पाटनी, महेश जैन, निशांत सेठी, बबलू सेठी, सुभाष सेठी, योगेश सेठी, अरविंद पाटनी, अमराव देवी पाटनी, अरुणा जैन, जीवनमाला गंगवाल, खुसबू चुड़ीवाल, ममता गंगवाल, उषा पाटनी, पुष्पा अजमेरा, स्वेता अजमेरा, मीडिया प्रभारी राहुल जैन सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

ऋत्विक के शरद कुमार की हत्या के आरोप में अमन साव गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। बड़कागांव थाना अंतर्गत एनटीपीसी कार्यालय के समीप बरवाडीह गांव में चट्टी बरियातु कोल माइंस ऋत्विक कंपनी में कार्यरत प्रोजेक्ट को-ओडिनेटर शरत कुमार को गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी तथा उनके अंगरक्षक राजेंद्र प्रसाद महतो गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इस संदर्भ में बड़कागांव थाना कांड सं 156/23 दर्ज कर इस कांड का यथाशीघ्र उदभेदन और गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया था। उपरोक्त दल के द्वारा गहराई से अनुसंधान करते हुए पूर्व में इस कांड के पीछे की साजिश तथा साजिशकर्ताओं के संदर्भ में पता लगाया गया। उपरोक्त टीम के द्वारा अनुसंधान करते हुए इस कांड में शामिल शूटर तथा रेकी करने वालों की पहचान भी कर ली गयी है तथा इस कांड का पूर्ण उदभेदन कर लिया गया है। इस हत्या कांड के साजिशकर्ता अमन साहू और मयंक सिंह के निर्देशन पर उसके गैंग के अत्यंत सक्रिय सदस्य चंदन साहू पिता लोकनाथ साहु सा साकुल, थाना पतरातु, जिला रामगढ़ के द्वारा अपने अन्य साथियों जय मंगल मिश्रा, मो जाहीर अंसारी उर्फ टैक्सी, अमन साव, फिरोज उर्फ छोटका, वारीस उर्फ भुसा सभी सा-साकुल थाना पतरातु जिला रामगढ़ के साथ मिल कर रची गयी। इस टीम के सदस्यों द्वारा अप्रैल माह 2023 में कई बार घटनास्थल तथा ऋत्विक कंपनी के कार्यालय तथा उनके पदाधिकारियों और कर्मियों के आने जाने के रास्ते की रेकी की गयी तथा ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट को-ओर्डिनेटर की हत्या 9 मई को कर दी गयी थी। इस संदर्भ में 23 मई को जाहीर अंसारी और जय मंगल मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इसी कड़ी में शुक्रवार को अमन साव पिता बासुदेव साव सा साकुल थाना पतरातु, जिला रामगढ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

शहर में जलसंकट को लेकर विद्यापति स्मारक समिति ने उपायुक्त से बात की

रांची (आजाद सिपाही)। विद्यापति स्मारक समिति ने उपायुक्त रांची को एक आवेदन पिछले सप्ताह लिखा था, जिसमे समिति ने पूरे शहर में सुचारू ढंग से जलापूर्ति की मांग की थी। साथ ही साथ आवेदन में उपायुक्त से बिजली विभाग, पेयजल विभाग और नगर निगम की जिम्मेवारी को एहसास दिलाने के लिए भी आग्रह किया गया था। रांची उपायुक्त ने समिति के इस आवेदन को तुरंत संज्ञान में लिया और पेयजल विभाग को अग्रसारित किया। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा को पेयजल विभाग के कनीय अभियंता ने दूरभाष से संपर्क कर बताया कि बिजली विभाग और नगर निगम से कोई कोआर्डिनेशन नहीं है, इसलिए पानी सुचारू रूप से नहीं आपूर्ति हो पा रही है। तब समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने इस संबंध में उपायुक्त रांची से दूरभाष पर बात की। समिति ने उपायुक्त से कहा कि सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित कराएं। उपायुक्त ने यह आश्वासन दिया कि पेयजल विभाग, बिजली विभाग और नगर निगम की आपातकालीन बैठक बुला कर सुचारू ढंग से जलापूर्ति की जायेगी।

आशुतोष द्विवेदी का महाकाल के दीवाना भजन लांच

रांची (आजाद सिपाही)। लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का शुक्रवार को महाकाल के दीवाना भजन लांच किया गया। लांचिंग सामाजिक संस्था विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने बरियातू रोड स्थित आरोग्य भवन में की। पोस्टर का अनावरण और यूट्यूब में गीत को अपलोड कर भजन की लांचिंग की गयी। अशोक भगत ने आशुतोष द्विवेदी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर राम सेवक शाही एसोसिएट कंपनी के निदेशक आनंद शाही, पंकज कुमार साहू, मनोज कुमार, यशवंत कुमार उपस्थित थे। राजधानी वीडियो फिल्म स्टूडियो की ओर से निर्मित इस भक्ति एलबम में एक गीत है, जिसका नाम महाकाल के दीवाना है। इसके प्रोड्यूसर आनंद शाही, निर्माता प्रमोद राय, निदेशक रिलेशंस इवेंट्स एंड पीआर मैनेजमेंट सह निर्देशक बीके राजमती, गीत ऋषभ सिंह, संगीत मुकुल शर्मा ने दिया है। यह जानकारी पीआरओ संजय पुजारी ने दी।

पायल सोनी ने महिलाओं को फिल्म केरल स्टोरी दिखाने के लिए 600 सीट बुक करायी

रांची (आजाद सिपाही)। समाजसेवी पायल सोनी ने महिलाओं को रविवार को 12 से केरल स्टोरी फिल्म दिखाने के लिए प्लाजा सिनेमा का 600 सीट को बुक कराया है। झारखंड के इतिहास में पहली ऐसी घटना है जब किसी फिल्म को दिखाने के लिए पूरे सिनेमा हॉल को दूसरी बार बुक कराया गया है। पायल सोनी ने बताया कि हमारे हिंदू धर्म के माता एवं बहनों को केरल स्टोरी फिल्म जरूर से जरूर देखना चाहिए। पायल सोनी ने कहा कि जिन्हें भी यह फिल्म देखनी है वह रविवार को 12 बजे प्लाजा सिनेमा पहुंच जायें।

महुआडांड़ में नक्सलियों ने मचाया उत्पात, मारपीट भी की

पुल निर्माण साइट पर पोकलेन और चार ट्रैक्टर जलाये

माओवादियों की कोयल शंख जोन रीजनल कमेटी ने पर्चा छोड़कर ली जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

महुआडांड़। महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चटकपुर पंचायत स्थित सरनाडीह में बूढ़ा नदी पर बन रहे पुल की साइट पर नक्सलियों ने गुरुवार देर रात हमला किया। नक्सलियों ने वहां पोकलेन और चार ट्रैक्टर को जला डाला। साइट पर मौजूद कामगारों का मोबाइल छीन लिया और कई के साथ मारपीट भी की। कुल 3.60 करोड़ की लागत से इस पुल का निर्माण आरइओ द्वारा किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, करीब दर्जन भर हथियारबंद नक्सलियों ने साइट पर धावा बोला। उन्होंने वहां मौजूद इरफान, मुस्तकिम और नेसार के साथ मारपीट की और दूसरे मजदूरों का मोबाइल छीन दिया। नक्सलियों ने काम बंद करने की धमकी दी और कहा कि ठेकेदार ने यदि बिना अनुमति और बिना लेवी दिये काम शुरू कराया, तो अंजाम बहुत बूरा होगा। नक्सलियों ने वहां एक पर्चा भी छोड़ा, जिसमें हमले की जिम्मेवारी लेते हुए माओवादियों की कोयल शंख रीजनल कमिटी लिखा हुआ है। जाने से पहले नक्सलियों ने मजदूरों का मोबाइल वापस कर दिया।

शुक्रवार सुबह महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर, थाना प्रभारी आशुतोष यादव जिला बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। ठेकेदार ने बताया कि पोकलेन और ट्रैक्टर किराये पर मंगाये गये थे। ट्रैक्टर महुआडांड के शंभू प्रसाद, राकेश प्रसाद, सोनू कुमार और क्रिस्टोफर कुजूर का बताया गया है। डीएसपी ने बताया कि केस दर्ज कर छापामारी अभियान शुरू कर दिया गया है।

इस साल की चौथी घटना

लेवी को लेकर महुआडांड़ क्षेत्र में नक्सलियों ने इस साल अब तक चार घटनाओं को अंजाम दिया है। पहली घटना बांसकरचा से कुरो मोड़ तक पथ निर्माण कार्य कर रही कंपनी मिनी कंस्ट्रक्शन की साइट पर हमला थी। दूसरी घटना 27 मार्च को घटी, जब मिनी कंस्ट्रक्शन के मुंशी के साथ बराही नदी में पुल निर्माण साइट पर मारपीट की गयी। तीसरी घटना 30 मार्च को घटी, जब बराही नदी पुल निर्माण साइट पर मजदूरों के साथ मारपीट की गयी थी।

वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन सात को

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। आगामी सात जून को भुरकुंडा में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जिलों में निवास करने वाले केंद्रीय पदाधिकारी, सदस्य, जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों-दुकानदारों की 10 लाख रू. तक की ऋण माफी, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमलों, 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना की तैयारी सहित जिला संगठन विस्तार पर चर्चा की जायेगी। सम्मेलन में दर्जनों अतिथि व बुद्धिजीवी शामिल होंगे। जहां अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा के जवाहर नगर में मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसमें वरीय उपाध्यक्ष ढ़लन साव (डोकाटांड़), केंद्रीय उपाध्यक्ष अजित प्रजापति (गिद्दी) और प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया को शामिल किया गया है। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद, (सौंदा बस्ती), प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार (गोला), केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, केंद्रीय सचिव लखन अग्रवाल (गोला), रामाशंकर राजन (हेसालौंग), प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश साव (बड़कागांव), नंदकिशोर साहु (डाड़ी), महासचिव भुनेश्वर साव, उपाध्यक्ष कैलाश साव, देवकुमार पड़ित, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता देवी, चिंता देवी, कुसुम लता देवी आदि मौजूद थें।

बाबा नीम करौली महाराज का झारखंड में प्रथम मंदिर का स्थापना हुआ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हनुमान स्वरूप बाबा नीम करौली महाराज के झारखंड में प्रथम मंदिर का स्थापना पूरे भक्ति भाव के साथ शिवपुरी हिनू में संपन्न हुआ। बाबा नीम करौली से पूरी दुनिया चमत्कृत है। एपल कंपनी के मालिक स्टीव जॉब्स एवं फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग बाबा के शिष्यों में शामिल हैं। बाबा के आध्यात्मिकता से ओत प्रोत हिनू, रांची के निवासियों ने वीर हनुमान एवं बाबा नीम करौरी महाराज के विग्रहाओं को स्थापित किया। यह मंदिर पूरे बिहार-झारखंड में पहला है। मंदिर के स्थापना उत्सव में 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन भी किया गया। कार्यक्रम शुक्रवार को हवन एवं भंडारे के साथ सम्पूर्ण हुआ। स्थापना समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, संगठन महामंत्री करमवीर सिंह, कांके विधायक समरी लाल, रांची विधायक सीपी सिंह , मृत्युंजय शर्मा के साथ आचार्य जगबंधु उपाध्याय, आचार्य राजेश कुमार मिश्रा, बिपिन कुमार एवं पूनम कुमारी, सुबोध कुमार सिंह गुड्डू भाजपा प्रदेश मंत्री अरविंद उपाध्याय, उमेश प्रताप सिंह सहित अन्य शामिल हुए।

डीसी ने पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान की सफलता को लेकर की बैठक

लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार टीबी से ग्रसित मरीजों की करें मदद: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मुक्त पंचायत बनाने को लेकर शुक्रवार को जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में यक्ष्मा कार्यक्रम समन्वयक आशीष आइन के द्वारा पीपीटी के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत बनाने से संबंधित पंचायती राज्य सदस्यों का उन्मुखीकरण के लिए टीबी बीमारी के लक्षण व बचाव से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

सक्षम लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार टीबी रोग से ग्रसित मरीजों का करें मदद : बैठक के दौरान डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाये और सभी लोग इस में अपना योगदान दें। डीसी ने टीबी रोग को पहचानने और इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुये रोग के उपचार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रोग के लक्षण को पहचाने और इसमें सभी कार्यालयों, निजी संस्थानों, अस्पतालों, एजेंसियों आदी के महत्व की सभी को जानकारी दी। डीसी ने कहा की देश से टीबी रोग को खत्म करने के पंचायत स्तर से लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है, अधिक से अधिक कार्यशाला या कार्यक्रमों के माध्यम से टीबी रोग के लक्षण व उनके बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। वहीं बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी व अन्य सक्षम लोगों से अपने सामर्थ्य के अनुसार मरीजों को गोद लेने और जो भी मदद वे मरीजों को पहुंचा सकते हैं, उस दिशा में कार्य करने की अपील की।

बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, सभी अंचल पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी, पिरामल स्वास्थ्य से अजय नारायण दुबे, पंचायती राज्य के सदस्य आदि उपस्थित थे।

20 टन अवैध स्टीम कोयला जब्त कारोबारियों पर मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। एसपी पीयूष पांडेय के निर्देश पर रामगढ़ पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार करने वाले कारोबारियों पर कार्रवाई की है। कार्रवाई में पुलिस ने लगभग 20 टन अवैध स्टीम कोयला जब्त किया है। कोयला जब्ती के बाद कारोबारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

क्या है मामला

एसपी पियूष पांडेय को गुप्त सूचना मिली कि लोधमा गांव के निकट खेत में कोयला तस्कर तस्करी के लिए अवैध कोयला का भंडारण किया है।

सूचना के बाद एसपी ने रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो को निर्देश दिया, कि उक्त स्थल पर छापामारी कर अवैध कोयला को जब्त करें।

निदेर्शानुसार थाना प्रभारी ने गश्ती दल में शामिल दरोगा प्यारे हसन को छापामारी करने का निर्देश दिया। जिसके बाद प्यारे हसन ने उक्त स्थल पर छापामारी कर करीब 20 टन अवैध स्टीम कोयला जब्त किया। जब्त कोयले को पुलिस रामगढ़ थाना ले आयी है।

इसके बाद रामगढ़ थाना कांड संख्या 132/23 धारा 413/ 414/ 34 आईपीसी 30(ii) कोल माइंस एक्ट के तहत अजय महतो, तुलसी महतो, ब्रह्मदेव महतो, नवीन झा, असलम अंसारी पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

मजबूत होते रिश्ते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन दिवसीय ऑस्ट्रेलिया यात्रा में चमक-दमक और उत्सव का तत्व जितना महत्वपूर्ण रहा, उतना ही जोर द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती लाने पर भी दिखा। वहां भारतीय मूल के लोगों के भव्य कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बानीज और उनके सहयोगियों के साथ विपक्ष के नेताओं की मौजूदगी ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि दोनों देशों के रिश्ते सरकारों के स्तर से आगे बढ़ कर आम लोगों के स्तर तक पहुंच चुके हैं और दिनों-दिन मजबूत होते जा रहे हैं। इसी तथ्य को पीएम मोदी ने क्रिकेट की भाषा में व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों देशों के रिश्ते टी-20 मोड में पहुंच चुके हैं। उनकी यह यात्रा क्वॉड देशों की बैठक के मद्देनजर आयोजित हुई थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के आने का कार्यक्रम अचानक रद्द होने की वजह से वह मीटिंग हिरोशिमा में ही कर ली गयी। ऐसे में पीएम मोदी की यात्रा भी टाली जा सकती थी, लेकिन संबंधों में आती मजबूती का ही एक और उदाहरण कहिए कि बहुपक्षीय से द्विपक्षीय में तब्दील होने के बाद भी दोनों में से किसी भी देश ने प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा की अहमियत कम नहीं होने दी। पिछले एक साल में मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बानीज अलग-अलग मंचों और मौकों पर छह बार मिल चुके हैं। उनके बीच विकसित हुई पर्सनल केमिस्ट्री का असर न केवल उनकी गर्मजोशी और उनके बॉडी लैंग्वेज में दिखता है, बल्कि इस यात्रा के दौरान हुए अहम समझौतों और आगे के समझौतों के लिए बनी सहमति पर भी नजर आता है। बुधवार को दोनों नेताओं ने माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप पैक्ट पर दस्तखत किये, जिसका मकसद स्टूडेंट्स, रिसर्चर्स और बिजनेसपर्सन्स को नये अवसर मुहैया कराने के साथ ही अवैध माइग्रेशन पर रोक लगाना है। इसके अलावा ग्रीन हाइड्रोजन टास्कफोर्स बनाने पर हुई सहमति के साथ ही कॉम्प्रिहेंसिव इकॉनमिक कोऑपरेशन एग्रीमेंट (सीइसीए) को साल के अंत तक अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता भी काबिले गौर है। सीइसीए पर अगले दो दौर की बातचीत जून और जुलाई में ही होनी है। वैसे यूक्रेन युद्ध और उसमें रूस की भूमिका पर दोनों देशों में गंभीर मतभेद भी हैं, लेकिन चीन की बढ़ती आक्रामकता से निपटने की साझा रणनीति में इन मतभेदों को आड़े नहीं आने दिया जा रहा। बहरहाल, ताजा यात्रा की बात करें, तो इन तमाम पहलुओं पर भारी पड़ा ऑस्ट्रेलिया में हाल के दिनों में मंदिरों पर हुए हमलों और खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियों का मसला। अच्छी बात यह रही कि ऑस्ट्रेलिया ने भारत की चिंता को लेकर संवेदनशीलता दिखायी। फिर भी दीर्घकालिक नजरिए से देखा जाये, तो देश की एकता और अखंडता से जुड़े मसलों की गंभीरता तो निर्विवाद है, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के आपसी विवादों से जुड़े मसलों को भारतीय कूटनीति के केंद्र में लाना कितना जरूरी और कितना फायदेमंद है, इस पर और विचार किये जाने की जरूरत है।

ताजा यात्रा की बात करें, तो इन तमाम पहलुओं पर भारी पड़ा ऑस्ट्रेलिया में हाल के दिनों में मंदिरों पर हुए हमलों और खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियों का मसला। अच्छी बात यह रही कि ऑस्ट्रेलिया ने भारत की चिंता को लेकर संवेदनशीलता दिखायी।

अभिमत
आजाद सिपाही

प्रधानमंत्री बनने के बाद ऑस्ट्रेलिया की यह उनकी दूसरी यात्रा थी, जो पिछले 9 वर्षों में प्रमुख वैश्विक देशों के साथ भारत के बदले हुए संबंधों को प्रस्तुत करती है। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार अभी भी भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, इसलिए इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि सिडनी के कुदूस बैंक एरीना में दर्शकों की भारी भीड़ के बीच, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने मोदी को द बॉस कह दिया।

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति का विश्व हुआ मुरीद

सतनाम सिंह संधू एवं तरुण चुघ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान प्रवासी भारतीयों द्वारा उनका शानदार स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष ने मंगलवार को संयुक्त रूप से हैरिस पार्क में बनने वाले लिटिल इंडिया प्रवेश द्वार की आधारशिला रखी, जो दोनों देशों के बीच दोस्ती का प्रतीक है और प्रवासी भारतीयों के अपार योगदान को मान्यता देता है।

प्रधानमंत्री बनने के बाद ऑस्ट्रेलिया की यह उनकी दूसरी यात्रा थी, जो पिछले 9 वर्षों में प्रमुख वैश्विक देशों के साथ भारत के बदले हुए संबंधों को प्रस्तुत करती है। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार अभी भी भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, इसलिए इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि सिडनी के कुदूस बैंक एरीना में दर्शकों की भारी भीड़ के बीच, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने मोदी को द बॉस कह दिया। भारत की नयी विदेश नीति को मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि करार दिया जाता है, जिसके कारण इसने भारत को विभिन्न मोर्चों पर नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार अभी भी भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं।

मोदी के नेतृत्व में क्या-क्या बदला

जब से मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने हैं, उन्होंने वैश्विक अभिजात वर्ग के बीच देश के विकास का प्रबंधन किया, जिसने सफलतापूर्वक भारत को एक नयी वैश्विक शक्ति और एक आर्थिक उज्ज्वल स्थान प्रदान किया है। उन्होंने प्रमुख देशों के साथ भारत के रिश्तों को सुधार कर उन्हें मजबूत बनाया है, जो बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत आर्थिक रूप से बढ़ते चीन का सामना कर रहा है।

भारत के साथ अमेरिका के संबंध काफी बेहतर हुए हैं। साथ ही वियतनाम और ऑस्ट्रेलिया के साथ भी संबंध मजबूत बने हैं। स्व-हित को प्राथमिकता देते हुए भारत ने एक महत्वपूर्ण मोड़ पर रूस के साथ अपनी रणनीतिक सांझेदारी और व्यापार जारी रखा है। यहां तक कि इसके पश्चिमी समकक्षों ने यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस पर प्रतिबंध लगा दिये हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विदेश नीति भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने जैसे प्रमुख उद्देश्यों से प्रेरित है, जो अंततः इसे एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बना देगी, जिसके लिए निवेश और प्रौद्योगिकी को आकर्षित करने के लिए उनकी द्विपक्षीय व्यस्तताएं और विदेश यात्राएं महत्वपूर्ण हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने हाल ही में अपनी विश्व आर्थिक आऊटलुक रिपोर्ट- ए रॉकी रिकवरी में भारत को विश्व अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल बिंदू के रूप में पहचाना और आने वाले वर्षों में वैश्विक विकास में भारत को एक प्रमुख योगदानकत्र्ता के रूप में देखा जा रहा है।

सेवाओं और वस्तु सहित भारत का समग्र निर्यात पहले ही 750 बिलियन अमरीकी डॉलर को पार कर चुका है और इस वर्ष 760 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार करने की उम्मीद है। देश ने हाल ही में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 शुरू की, जिसका उद्देश्य 2030 तक भारत के निर्यात को 2 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाना है।

वैश्विक समस्याएं हल करने में योगदान

भारत को अब एक रणनीतिक वैश्विक खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है जो दुनिया की शांति और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। इसने अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तरह जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए अपने उत्सर्जन में कटौती करने का फैसला लिया है जो पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। कोविड महामारी के दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने मानवता के प्रति प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए टीकों के निर्माण को तेजी से बढ़ा कर विदेशों में भी सहायता पहुंचाई, जिससे हमारे रिश्ते कई देशों के साथ बेहतर हुए। वर्ष 2019 में जब मोजांबिक, जिम्बाब्वे और मलावी में चक्रवात आये थे, तब भारतीय नौसेना ने प्रभावित क्षेत्रों को भोजन और पानी प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों का सहयोग किया था।

बाहरी अंतरिक्ष में तकनीकी क्षमताओं को लंबे समय से विदेश नीति के एक प्रभावी उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया गया है। भारत को इस मोर्चे पर भी फायदा हुआ है। देश ने 2017 में संचार को बढ़ावा देने और अपने छह पड़ोसियों के बीच आपदा लिंक में सुधार के लिए पहला दक्षिण एशिया उपग्रह (एसएएस) लॉन्च किया।

मध्य-पूर्व के साथ संबंध

पीएम नरेंद्र मोदी ने मध्य-पूर्व के देशों के साथ भी सौहार्दपूर्ण और रणनीतिक संबंध बनाये हैं। इस क्षेत्र में भारत की भूमिका बढ़ी है और इसे क्षेत्र में अभूतपूर्व सम्मान और महत्व दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कतर, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, बहरीन, जॉर्डन और अन्य देशों के साथ भी संबंधों को मजबूत किया है। साथ ही इसराइल के साथ भी अपने संबंधों को संपन्न बनाये रखा है।

मोदी के काम को मिली पहचान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वसुधैव कुटुंबकम के मूल मूल्य का समर्थन किया। यह एक कठोर राष्ट्रवादी स्क्रिप्ट नहीं, बल्कि एक वैश्विक दृष्टि पेश करता है। उन्हें पापुआ न्यू गिनी, सऊदी अरब, फिजी, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, रूस और मालदीव सहित कई देशों से 11 सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार मिले हैं। इनके अलावा मोदी कई वैश्विक संगठनों से कई पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता भी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और नेतृत्व ने देश के लिए दुनिया का नेतृत्व करने के लिए कई दरवाजे खोले हैं। आज दुनिया को भारत की ताकत दिखायी दे रही है। मोदी के नेतृत्व कौशल को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया जाता है। निश्चित रूप से 2047 तक एक विकसित भारत का सपना अब प्राप्त करने योग्य लगता है।

जमशेदपुर की खबरें

विधायक की पहल पर मृतक के परिजनों को मिली सहायता राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। बीते दिनों तेज आंधी पानी में विशाल पेड़ गिरने से गोपालपुर पंचायत के दाहीगोड़ा निवासी तपन विश्वास का दबकर मौत हो गयी थी। स्व. तपस विश्वास के परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। जानकारी मिलने पर क्षेत्र के विधायक रामदास सोरेन ने परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया था। शुक्रवार को विधायक के पहल पर झामुमो का एक प्रतिनिधिमंडल स्व.तपस विश्वास के श्राद्ध कर्म के लिए पत्नी सीता विश्वास को सहयोग राशि दी। मौके पर झामुमो नेता काजल डॉन ने बताया कि पिछले 15 मई को तेज आंधी तूफान से पेड़ गिरने पर तपन विश्वास की मौत हो गयी थी। फिलहाल विधायक रामदास सोरेन के पहल पर आश्रितों को तत्काल सहयोग श्राद्ध कर्म के लिए प्रदान की गई। साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से 4 लाख रुपया मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। जल्द ही आश्रित को मुआवजा राशि उपलब्ध करा दी जायेगी। मौके पर झामुमो कार्यकर्ता काजल डॉन, विकास मजूमदार, अंपा हेम्ब्रम, मदन दलाई, प्रताप दास, नीलकमल महतो और अन्य शामिल रहे।

डीसी के निर्देश पर बोड़ाम में सबर जनजातियों के लिए लगा कैंप

आवेदन लिये गये, स्वास्थ्य की हुई जांच

सर्पदंश से मृत महिला के परिजनों को दी गयी सहयोग राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

बोड़ाम। पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर बोड़ाम के बोंटा पंचायत स्थित पहाड़िया टोला में 17 पहाड़िया और सबर परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ से जोड़ा गया। शुक्रवार को कैंप के माध्यम से सभी जरूरतमंद लोगों को सरकारी सुविधाओं के लिए आवेदन प्राप्त की गयी साथ ही सभी का स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर बोड़ाम के प्रखंड विकास पदाधिकारी नाजिया अफरोज, अंचल अधिकारी निवेदिता नियति, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो, ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान उपस्थित रहे। इस दौरान सबर परिवार के बीच जरूरत के अनुसार खाद्य सामग्री और अन्य सामान का वितरण किया गया। मौके पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट का परस्पर सहयोग प्राप्त हुआ। कैंप में पेंशन लाभ के लिए 08 आवेदन, जन्म प्रमाण पत्र का 01, जॉब कार्ड का 03, बैंक खाता का 05 और आधार कार्ड के लिए 02 आवेदन प्राप्त किया गया। वही 13 लाभुकों के बीच पशुओं के दवा, क्रीमीनाशक दवा, दस्तरोधी दवा, मल्टी विटामीन और मलहम वितरित किया गया। साथ ही बकरी पालन की अच्छी संभावना को देखते हुये जागरूक किया गया। गांव में कुल 44 लोग रहते हैं। छात्र छात्राओं को स्कूल बैग, पेंसिल,कॉपी, स्लेट, इरेजर दिया गया। महिलाओं के बीच साड़ी और पुरुषों के बीच धोती का वितरण किया गया। गर्भवती महिलाओं सहित प्रत्येक परिवार को च्यवनप्रश, मल्टी विटामिन टेबलेट, ओआरएस, एंटी फंगल क्रीम, शैंपू पाउच, टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट, नेलकटर, कंघी, बच्चों और बड़ों को चप्पल दिया गया। मौके पर गांव में ही सर्पदंश से मृत एक महिला के परिजनों को 5600 रुपये की सहयोग राशि दी गई।

इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका नासो मुर्मू, प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज रामधन हांसदा, सहायक अभियंता सुमित कुमार, कनीय अभियंता सुशिल बेसरा, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी बंधु कुशल महतो, बोंटा के मुखिया सुकांती किस्कु, प्रभारी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी सुधाकर महतो, जलजीवन मिशन के एसएम विभिषण गोप, पंचायत सचिव किरन महतो, रोजगार सेवक भागिरथ महतो सहित अन्य शामिल रहे।

नाबालिग के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला जिले के एसपी आनंद प्रकाश के निर्देश पर आरआईटी पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के मामले में रौनक वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वही शादी की नीयत से अपहरण के मामले में अपहताओं के चंगुल से सकुशल नाबालिक को बरामद कर लिया। हालांकि अभी भी तीन अपहर्ता पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। जिला पुलिस कप्तान आनंद प्रकाश ने दावा किया जल्द ही बचे अपहर्ता की गिरफ्तारी की जाएगी। जानकारी देते हुए एसपी आनंद प्रकाश ने बताया बीते 11 मई को नाबालिक के पिता ने आरआईटी थाने में उनके पुत्री के अपहरण होने की शिकायत दर्ज की थी। इस मामले में रौनक कुमार वर्मा, साहिल हेंब्रम, रोहित कुमार वर्मा, राहुल कुमार वर्मा, राजीव नयन वर्मा व सन्नी को आरोपी बनाया गया था। मामला संज्ञान में आते ही डीएसपी मुख्यालय चंदन वत्स के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त सन्नी कुमार और रोहित कुमार वर्मा को पूर्व में ही हिरासत में लिया गया। दोनों ने अपराध स्वीकारोक्ति बयान स्वीकार कर लिया। दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शुक्रवार को प्राथमिकी अभियुक्त रौनक वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

उन्होंने बताया आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी सागर लाल महथा,पुलिस अवर निरीक्षक चितरंजन कुमार, सुजीत कुमार सिंह,अरुण कांत पांडे, करुणा कुमारी, टाइगर मोबाइल उधम सिंह, विकास चंद्र पांडे व उमाशंकर सिंह सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल रहे।

घायल युवक को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। आदित्य थाना क्षेत्र के जय प्रकाश उद्यान में गश्ती के दौरान शुक्रवार को दिन के लगभग 2:00 बजे लहूलुहान अवस्था में एक युवक को देख तत्काल थाना प्रभारी व सशस्त्र बलों ने एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को रिम्स रेफर कर दिया गया है। घायल युवक ने अपना नाम विनय कुमार उर्फ रोती बताया। घायल युवक आरआईटी थाना अंतर्गत बनता नगर बाबा कुटी का रहने वाला है।पूछताछ के क्रम में युवक ने बताया उसे आरआईटी थाना अंतर्गत रोड नंबर 18 निवासी रघुनाथ राय उर्फ झमालु के पुत्र नीतीश ने जयप्रकाश उद्यान के पास रहने वाले प्रिंस के साथ मिलकर भुजाली से मारकर घायल कर दिया। युवक के सर व शरीर के कई हिस्सों पर धारदार हथियार से वार के निशान पाया गया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचित कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर युवक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल घटना की जांच कर रही है।

आंधी ने उड़ायी गढ़वा की बिजली, देर रात तक जगे रहे लोग

तेज आंधी से 132 केवी का पोल गिरा बिजली बाधित

सुधारने में जुटा विजली विभाग

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिले में शुक्रवार को तेज आंधी से बेलचंपा के पास 132 केवी पावर लाइन का टावर टूटकर गिर गया। इससे जिले का पावर हाउस की बिजली सप्लाइ बंद हो गई। बिजली की आस में देर रात तक जागे रहे दस लाख लोग। टावर टूटने की सूचना मिलते ही निगम अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बिजली बहाल करने को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। टावर गिरने से पावर हाउस पर करीब 11 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। खबर लिखें जाने तक बिजली आपूर्ति बाधित है। जानकारी के अनुसार भागो डिह ग्रीड से बी मोड रेहला ग्रीड में आने वाली 132 केवी लाइन कि 2 टावर कोयल नदी में गिर गया। जिसके कारण भागोडीह से जो पावर बी मोड ग्रीड को मिलता था। अब टावर निर्माण तक बाधित रहेगा। अब गढ़वा शहर को जो बिजली बी मोड़ से मिलती है। वहीं बिजली मिलती रहेगी। टावर गिरने से पावर की निरंतरता में थोड़ी फर्क होगी। परंतु बिजली सामान्य स्थिति में मिलती रहेगी। इसके साथ ही गढ़वा शहर में आने वाली 33 के वी लाइन का 2 तार कोयल नदी में गिर गया। जिसको मरम्मत का काम करने के लिए सारी एजेंसियों को लगाया गया है।

तेज आंधी-पानी ने मचायी आफत, गर्मी से मिली राहत

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड समेत जिले में आई तेज आंधी पानी से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई घरों तथा सेड के छप्पर उड़ गये साथ ही कई जगह पेड़ गिरने की खबर मिली है। आंधी तूफान के कारण शुक्रवार को दिनभर बिजली बंद रही। बढी तापमान में बिजली गुल रहने के बाद भी ओलावृष्टि से तापमान में भारी गिरावट की वजह से लोगों को गर्मी से निजात मिली है। वहीं आम के साथ-साथ अन्य फसलों को भी तेज आंधी तूफान तथा ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है। वहीं लोवादाग में तेज आंधी तूफान से एक मुर्गी फार्म का छप्पर गिर गया जिससे बड़ी संख्या में चूजा तथा मुर्गे को मर जाने से फार्मर किसान को लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

डीआरडीए निदेशक ने सुनी आमजनों की समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन ने समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं। समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। जनता दरबार में राशनकार्ड, जमीन विवाद, पेंशन समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुये ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी गयी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

सर्वप्रथम डंडई प्रखंड के तसरार ग्राम निवासी शहनाज बीबी, पति-जाकिर हुसैन ने अपने पीएच राशन कार्ड में परिवार के अन्य सदस्यों का नाम जोड़ने हेतु आवेदन किया लेकिन किसी कारणवश अब तक परिवार का नाम राशन कार्ड में नहीं जुड़ पाया, इस संबंध में उन्होंने जनता दरबार में आवेदन दिया मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। रंका प्रखंड के बाघहारा पंचायत अंतर्गत ग्राम गौरगड़ा निवासी द्वारा मनरेगा योजना के तहत टीसीबी और कूप निर्माण कार्य में जेसीबी मशीन का इस्तेमाल करने से संबंधित शिकायत किया गया। मामले में जांच और आवश्यक कार्रवाई हेतु उप विकास आयुक्त कार्यालय को निर्देशित किया गया। नगर उंटारी प्रखंड के ग्राम चीत विश्राम निवासी हरिदास गुप्ता पिता प्रसाद साह ने एनएच 75 फोरलेन में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, मामले में जांच और आवश्यक कार्रवाई हेतु अपर समाहर्ता कार्यालय को निर्देशित किया गया। इस प्रकार बारी बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों का समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

झामुमो कार्यकर्ताओं ने चलाया चलो गांव की ओर अभियान

कार्यकर्ता सम्मलेन में मंत्री की नसीहत का दिख रहा असर

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। रंका प्रखंड झामुमो के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जनता की समस्याओं को जानने एवं समाधान करने और झारखंड सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने तथा लाभान्वित करने के उद्देश्य को लेकर चलो गांव की ओर अभियान को चलाया है। यह झामुमो के द्वारा गढ़वा उत्सव गार्डेन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मलेन सह विचार गोष्ठी में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा कार्यकर्ताओं को दिए गए नसिहत का असर है। जिसमें मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा के उत्सव गार्डेन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मलेन सह विचार गोष्ठी में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि सभी कार्यकर्ता व पार्टी के पदाधिकारी गांव गांव में जायें और जनता कि समस्याओं को जानें और उसका समाधान करें तथा जो भी परेशानी हो उससे मंत्री को अवगत करायें और समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इसी नसिहत निर्देश के आलोक में रंका प्रखंड के झामुमो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण सोनदाग पंचायत के ग्राम सिकठ , कंचनपुर पंचायत के ग्राम होन्हेकला उत्तर टोला , चुटिया पंचायत के ग्राम भौंरी एवं सोनदाग पंचायत के ग्राम भदुआ का दौरा किया और जनता कि जनसमस्याओं से अवगत हुए और कुछ का तत्काल समाधान किया गया तथा झारखंड सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर सिकठ गांव में जनता के मांग पर जर्जर सड़क का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके लिए ग्रामीण जनता ने मंत्री जी का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर ग्रीन कार्ड धारियों को राशन, सर्वजन पेंशन योजना का लाभ उठाने के लिए झामुमो पंचायत कमेटी को फार्म भरने की जिम्मेदारी दी गई है। ग्राम होन्हे कला के उत्तर टोला में बैठक में ग्रामीणों ने चिनिया मुख्य पथ से झगराहा होन्हेकला होन्हेखुर्द लुकुंबार होते हुए सिगसिगा कला मुख्य पथ तक पथ निर्माण कराने की मांग किया गया। साथ ही यह कहा गया कि इस सड़क को बन जाने से पांच हजार जनता लाभान्वित होंगे। निकट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने से काफी परेशानी होती है इसलिए एक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग किया गया। वहीं ग्राम चौकड़ी और सत्याड़ी में सड़क निर्माण कराने के लिए मंत्री जी का ग्रामीणों के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। साथ ही इस गांव में चापाकल लगाने की आश्वासन दिया गया। इस मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, प्रखंड सदस्य संतोष कुमार रवि सहित कई झामुमो नेता, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

बीडीओ ने किया दो दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय कांडी के सभागार में जीपीडीपी अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जन योजना अभियान के अंतर्गत सभी योजनाओं को समेकन करने के लिए पंचायतों के सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में सभी विभागीय पदाधिकारी, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, लेखा लिपिक सह कंप्युटर ऑपरेटर और वीपीआरपी फसीलिटर सहित ग्राम पंचायत हरिहरपुर पतरिया खुठेरिया खरौंधा बलियारी मझिगावां सरकोनी रानाडीह मुखिया को जीपीडीपी के अंतर्गत केंद्र द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का समेकन हेतू प्रारूप के बारे में जानकारी सहित अनाबद मद की राशि से थीम से 50% योजनाओं को चयन करने हेतु बताया गया, साथ ही 9 थीम में मिनिमम 1 ओर मैक्सिमम 2 थीम लेना अनिवार्य है तभी प्लान ई ग्राम स्वराज पर प्रविष्टि की जायेगी मौके पर प्रशिक्षक सह पंचायत राज स्वशासन परिषद के प्रखंड समंवयक उमंग कुमार पाण्डेय द्वारा जीपीडीपी के बारे में रूप से बताया गया। मौके पे बीपीएम प्रदीप पाठक बीपीओ कमलेश राम पंचायत सचिव मुखिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

डीएसडब्ल्यूओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बाल विकास परियोजना, धुरकी के आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी और सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत के द्वारा संयुक्त रूप से तीन आंगनबाड़ी केंद्र संगमा उत्तर, कटहर खुर्द और सगमा पश्चिम का औचक निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र सगमा में निरीक्षण के दौरान सेविका सावित्री देवी, सहायिका सीमा देवी आंगनबाड़ी केंद्र पर 26 बच्चें संग उपस्थित पायी गयी। निरीक्षण के क्रम में केंद्र पर पोषाहार संचालित था। केंद्र में बच्चों का वजन और लंबाई लिया गया। साथ हीं बच्चों के द्वारा कविता सुनाया गया और केंद्र के सभी पंजिया संधारित पायी गयी।

जिसके पश्चात आंगनबाड़ी केन्द्र कटहर खुर्द, पंचायत सगमा में निरीक्षण के दौरान सेविका सुनिता देवी (सहायिका का पद रिक्त है) आंगनबाड़ी केन्द्र पर 16 बच्चें उपस्थित पायी गयी। निरीक्षण के क्रम में केन्द्र पर पोषाहार संचालित था और केन्द्र के सभी पंजिया संधारित पायी गयी। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र सगमा पश्चिम पंचायत सगमा में निरीक्षण के दौरान सेविका सरोज देवी और सहायिका लालमुनी देवी आंगनबाड़ी केन्द्र पर 09 बच्चें संग उपस्थित पायी गयी। इस दौरान बच्चें केन्द्र पर पोषाहार कहते पाये गये। सेविका द्वारा बताया गया कि और भी कुछ बच्चें खिचड़ी खा कर घर चले गये है। औचक निरीक्षण के समय सभी केन्द्र संचालित पाये गये। सभी केन्द्रों पर पोषाहार संचालित था। केन्द्रों पर सभी पंजिया संधारित पायी गयी। मौके पर उक्त पदाधिकारी द्वारा सभी सेविका को प्रत्येक दिन ऑगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित संचालन करने तथा केन्द्र पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और अपने-अपने केन्द्र के सभी वास्तविक लाभुको का विवरण पोषण ट्रैकर एप पर प्रविष्ट करने का निदेश दिया गया।

राजकुल स्वीट्स सह स्नैक्स का उद्घाटन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के चिनिया रोड कमला कंपलेक्स में गुरुवार को राजकुल स्वीट्स सह स्नेक्स का उद्घाटन समाज सेवी हर-देव नारायण सिंह, ददू सिंह, चंद्रशेखर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर हरदेव नारायण सिंह ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से गढ़वा का विकास हो रहा है। गढ़वा शहर में दिन प्रतिदिन बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों का खुलना गढ़वा के लिए विकसित होने का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि राजकुल स्वीट्स सह स्नेक्स में बनारस का सनेक्स गढ़वा के लोगों को मिलेगा। साथ ही साथ बेहतर सामग्री देना काफी जरूरी है। तभी प्रतिष्ठान का नाम प्रसिद्ध होगा। प्रोपराइटर रवि रघुवंशी ने कहा कि एक साल पहले गढ़वा के लोगो को गढ़वा में बनारस के स्वाद उपलब्ध कराने को लेकर मिठाई की दुकान खोली गयी थी, लोगो का आशीर्वाद मिला आज नाश्ता और नमकीन का सेंटर खोला गया है यहां सभी तरह का स्नेक्स मिलेगा। मौके पर भास्कर रघुबंशी, भीम सिंह, सुशांत शुक्ला, आनंद सिन्हा, आलोक, विपुल, आलोक श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह सहित बड़े संख्या में लोग उपस्थित थे।

हेरिटेज टोयोटा के टी एसपार्स सेल्स काउंटर की शुरुआत

गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के नारायणपुर रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप हेरिटेज टोयोटा के टी एसपार्स सेल्स काउंटर की शुरूआत की गयी कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडे ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने ने कहा कि गढ़वाशहर विभिन्न सुविधाओं में काफी पीछे था। यहां के लोग दूसरे शहरों में जाकर अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी करते थे लेकिन आज गढ़वा जैसी शहर में हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध है एक से एक विभिन्न गाड़ियों के शोरूम खुल रहे हैं जिससे लोग आसानी से गढ़वा शहर में वाहन खरीद रहे हैं उन्होंने कहा कि गढ़वा शहर में काफी बदलाव हुआ है आज शहर का तेजी से विकास हो रहा है उन्होंने कहा कि जिस तरह से गढ़वा शहर में एक से बढ़कर एक शोरूम खोल रहे हैं आने वाले दिनों में सभी तरह के वाहनों की खरीदारी लोग गढ़वा शहर से ही कर सकेंगे मौके पर युवा समाजसेवी सा योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विपुल धर दुबे, प्रिंस कुमार सिंह गुड्डू पांडे, अविनाश कुमार, सचिन कुमार, रोशन तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जिला परिषद, खूँटी

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 06/2023-24, PR 297876 Diatrict(23-24)_D द्वारा निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 29.05.2023 को संशोधित करते हुए दिनांक 03.06.2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक निर्धारित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 05.06.2023 को अपराह्न 4.00 बजे उक्त योजनाओं के लिए गठित समिति के समक्ष खोला जायगा।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह,
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR 298403 District(23-24).D

हिरण हत्या मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के धनीमंडरा गांव में बीते बुधवार को पानी की तलाश में जंगल से भटक कर गांव में पहुंचे हिरण को कुत्तों द्वारा घायल किये जाने के बाद कुछ ग्रामीणों और वन विभाग के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जंगल मे पुनः छोड़ दिया गया था। परंतु ठीक उसी शाम कुछ ग्रामीणों के द्वारा फंदा लगा कर हिरन को पकड़ हत्या कर खाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल हिरण को पूरी तरह स्वस्थ नहीं होने के बावजूद शीघ्रता दिखाते हए उसे जंगल मे छोड़े जाने से वन विभाग के कर्मियों की भी कार्यशैली संदेह के घेरे में है। मामले को उजागर होता देख वन विभाग के द्वारा शुक्रवार को अज्ञात लोगों के ऊपर वन पशु अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

क्या है मामला

थाना क्षेत्र के धनीमंडरा के गांव में पानी की तलाश में भटक रहे एक नर हिरण पर बुधवार को कुत्तों ने हमला बोलकर उसे घायल कर दिया। गांव वालों ने किसी तरह आवारा कुत्तों से बचाकर हिरण को पकड़कर पेड़ में बांधकर रखा और उसका उपचार करने के साथ वन विभाग को सूचना दिया। जिसके के बाद वन विभाग के फॉरेस्टर निशांत कुमार एवं गार्ड राहुल कुमार सिंह ने मौके पहुंचकर हिरण का इलाज किया। इलाज के बाद जंगल में हिरण को छोड़ा दिया गया था। हालांकि प्रश्न उठना लाजमी है कि जिस हिरन को आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल किया वह फर्स्ट एड मिलते ही तुरंत स्वस्थ कैसे हो गया। वनकर्मियों ने उक्त हिरण की पशु चिकित्सक से जांच कराए बगैर ही क्यों छोड़ दिया।

क्या कहते हैं रेंजर

इस संबंध में पूछे जाने पर रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर कहा कि घटना की जानकारी मिली है अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

ट्रैक्टर के धक्के से महिला घायल

मझिआंव (आजाद सिपाही)। मझिआंव थाना क्षेत्र के अखौरी तहले गांव में नगर पंचायत के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर के धक्के से बिजय ठाकुर की पत्नी सोनी देवी 35 वर्ष घायल हो गई। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी एवं स्थानीय लोगों के प्रयास से उसे रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रैक्टर एक नाबालिग लड़का तुलसी प्रजापति का अजित कुमार चला रहा चला रहा था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। ग्रामीणों ने बताया कि नाली की मिट्टी को लेकर ट्रैक्टर चालक जा रहा था, इसी बीच देवी धाम के निकट यह घटना हो गई।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk,Ranchi-834001,Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/PPP/ISBTRanchi/539
Date: 26th May, 2022
Tender ID: - 2023_UDD_70374_1 PR No.: 296132

Corrigendum- 1

All bidders are hereby announced that Corrigendum-1 is released for tender having details as mentioned above for "Development of Inter-State Bus Terminal at Ranchi in Jharkhand on PPP Basis". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhand tenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 298440 Urban Development and Housing(23-24).D

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

ई–निविदा
अति अल्पकालीन पुर्न निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 02/2023–24 दिनांक 25.05.2023

क्र0सं/ ग्रुप संख्या	योजना का नाम	प्रखण्ड का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	ग्राम उदरंगी के बांध में गार्डवाल निर्माण	भण्डरा	936800.00	1250.00	18800.00	03 (तीन) माह

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–27.05.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :–03.06.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :–05.06.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :–06.06.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 298376 Lohardaga(23-24).D

जेसीबी मशीन में आग लगाने की घटना का तोरपा पुलिस ने किया एक सप्ताह में उद्भेदन

पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

पकड़े गये उग्रवादियों में 17 साल का एक किशोर भी शामिल
रंगदारी और भय पैदा करने के लिए 19 मई को दिया गया था घटना को अंजाम

घटना में शामिल तीन-चार अन्य उग्रवादी अब भी फरार, तलाश में जुटी पुलिस

पकड़े गए उग्रवादियों की जानकारी देते एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। तोरपा थाना क्षेत्र के कोटेंगसेरा छाता नदी के तट पर बालू डंपिंग यार्ड के पास अवधेश यादव नामक व्यक्ति के जेसीबी मशीन में आग लगाने की घटना का पुलिस ने एक सप्ताह के अंदर ही उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल पीएलएफआइ के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनकी पहचान कामडारा थाना क्षेत्र के कुली गांव निवासी विनोद कुमार (30), तोरपा थाना क्षेत्र के ईचा ग्वार टोली निवासी उमेश गोप (23) के रूप में हुई है। इसके अलावा 17 वर्षीय एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया गया है। तीनों उग्रवादियों के पास से सात जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन, एक बाइक, पीएलएफआई का पर्चा और चंदे की रसीद बरामद की गयी है। उक्त जानकारी एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने दी। वे शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गत 19 मई की रात दो बजे के करीब पांच-छह अपराधी पहुंचे थे, जिसमें दो लोगों के हाथ में पिस्टल और बाकियों के पास लाठी-डंडे थे। उग्रवादियों ने अवधेश यादव के जेसीबी चालक को मारपीट कर भगा दिया। इसके बाद जेसीबी में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी। इसके बाद खूंटी पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तोरपा एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में एक टीम गठन कर कांड में शामिल उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इस कांड में तीन से चार उग्रवादी और शामिल थे, जिनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। वहीं, छापामारी टीम में इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, थाना प्रभारी मनीष कुमार, एसआई प्रीतम राज, एएसआई संजय कुमार सहित शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

बैठक में शामिल होकर गुंजन सिंह ने उठायी रैयत विस्थापितों की समस्याएं

चतरा समाहरणालय में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी और जनप्रतिनिधि।

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह शुक्रवार को चतरा समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित खनन क्षेत्रों के विस्थापित प्रभावित लोगों के प्रतिनिधि और जिला में खनन कार्य कर रहे कंपनियों के वरीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक में आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुई। बैठक में एनटीपीसी, मगध, अम्रपाली और पिपरवार के जीएम और अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में उन्होंने पिपरवार क्षेत्र से जुड़ी विस्थापन की समस्या, प्रभावित क्षेत्र किचटो, चिरैयांटांड़, बेती, बिजैन एवं न्यूमंगरदाहा के विस्थापितों को जल्द से जल्द नौकरी आवंटन करने की बात रखी, जिससे विस्थापितों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इसके अलावा सीसीएल के प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं चिकित्सा, बिजली-पानी, शिक्षा, सड़क पर भी ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान बैठक में झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सिमरिया विधायक किशुन दास, चतरा डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन सहित जिले के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

सिल्ली में एकल अभियान संच का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

सिल्ली। प्रखंड के मैसुडीह स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय में आयोजित एकल अभियान सिल्ली संच के आचार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इस शिविर में पिछले वर्षों के कार्य की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी योजना के तहत आचार्यों को नवीन विषय की जानकारी देते हुए देश भक्ति गीत, बाल गीत, मंत्र, वंदना आदि का अभ्यास कराया गया। 30 मई 2023 को गंगा दशहरा दिवस के बारे में जानकारी देते हुए संभाग ग्राम स्वराज योजना प्रमुख कर्ण कुमार ने कहा कि जेष्ठ मास कृष्ण पक्ष दशमी तिथि को धरती पर गंगा का अवतरण राजा भगीरथ के अथक तप के कारण हुआ था। इसलिए इस दिन को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है और गंगा पूजा किया जाता है। इस दिन नदी तालाब के स्नान घाटों की साफ सफाई के साथ जल संरक्षण का संकल्प लेते हैं। इसको करने के लिए पाटका नदी के पावन तट पर विधि विधान के साथ गंगा पूजन कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आगामी पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस और 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन प्रत्येक विद्यालय ग्राम में मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा कई अन्य जानकारियां साझा की गयी। इस मौके पर संभाग ग्राम स्वराज योजना प्रमुख करम सिंह, कर्ण महतो, अजीत महतो, सुकरा महतो, अंगद महतो, चैता महतो, सनोका देव, बिंदेश्वरी देवी आदि सभी एकल विद्यालय के आचार्य उपस्थित थे।

बंदी को सफल बनाने के लिए मोर्चा ने बनायी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक शुक्रवार को डकरा में हुई। जिसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता और संचालन राम लखन गंझू ने किया। बैठक में 29 मई को आहूत बंदी को सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार की गयी। साथ ही सभी परियोजना शाखा को बंदी के लिए पूरी तरह से जोर-शोर से जुट जाने का निर्देश दिया गया। बंदी की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकालने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित रैयत विस्थापितों ने कहा कि प्रबंधन का केवल दिखावा है, जबकि धरातल पर प्रबंधन रैयत विस्थापितों की समस्याओं पर आजतक कोई कार्य दिख नहीं किया। प्रबंधन को काफी समय दिया गया, लेकिन आजतक प्रबंधन ने कोई ऐसा कार्य नहीं किया जिससे रैयत विस्थापितों को प्रबंधन की बातों पर यकीन हो। प्रबंधन केवल आश्वासन देकर अपना काम निकालने की कोशिश कर रहा है। रैयत विस्थापितो के प्रति संवेदनशील नहीं है। बैठक में सचिव जगरनाथ महतो, कार्यकारी अध्यक्ष जालिम सिंह, नरेश गंझू, विनय खलखो, अमृत भोगता, प्रकाश महतो, दामोदर गंझू, सुनील यादव, शिवनारायण लोहरा, राजेंद्र उरांव, कुलदीप प्रसाद, प्रभाकर गंझू, कन्हाई पासी, जयराम गंझू, सुनीता देवी, संजय गंझू, बासुदेव ठाकुर, प्रेम साव, चंद्रदीप गंझू, अनिल गुप्ता और छोटन भोगता सहित लोग मौजूद थे।

सोनाहातू में आये तूफान से बिजली के कई खंभे उखड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

सोनाहातू। थाना क्षेत्र में शुक्रवार को चली तेज हवाओं ने काफी नुकसान पहुंचाया है। पंडाडीह से तिलाईपीड़ी तक गुजरी 11 हजार वोल्ट वाले बिजली के कई खंभे उखड़ कर गिर गए। कई खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। इससे पंडाडीह, रुगड़ी, माहील, तिलाईपिड़ी जिलिगंसेरेग और कोंकाडीह राजस्व गांव में बिजली सेवा प्रभावित हुआ। उक्त गांव अंधेरे में डूब गए है। ग्रामीणों ने विभाग के वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर अतिशीघ्र खंभे लगावाने की अपील की है।

बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी में समर कैंप का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

सिल्ली। बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी में आयोजित 15 दिवसीय तीरंदाजी समर कैंप का शुक्रवार को समापन हुआ। इस मौके पर समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एकेडमी के उपाध्यक्ष जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, डॉ मोना आनंद एवं समाज सेवी श्याम महतो शामिल हुए। सभी अतिथियों का पूष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस कैंप में दिल्ली, बोकारो, धनबाद, रांची, खूंटी, हजारीबाग, जमशेदपुर आदि जगहों के कुल 40 बच्चे शामिल हुए थे। कैंप में बच्चों के बीच 10 मीटर, 15 मीटर एवं 30 मीटर दूरी के तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सफल तीरंदाजों को अतिथियों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं कैंप में शामिल सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

राय बस्ती में रूद्र महायज्ञ के समापन पर भक्ति जागरण का आयोजन

भक्ति जागरण में उपस्थित लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। कोयलांचल क्षेत्र के राय बस्ती शिव मंदिर में चल रहे श्री श्री 1008 पंच दिवसीय रूद्र महायज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अंतिम दिन रात में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन यज्ञ समिति के संरक्षक समाजसेवी नागेश्वर महतो ने किया। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने भक्ति गीत और झांकी प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। कलाकारों की ओर से पेश किए गए भक्ति गीतों पर उपस्थित श्रद्धालु भक्त रात भर झूमते रहे। जानकारी के अनुसार जागरण टीम के गायक आनंद हलचल, गायिका स्वीटी राज, पायल भगवाधारी, प्रिंसी पांडे और गायक राजेश राज की ओर से एक से बढ़कर एक भक्ति गीत पेश किया गया। वहीं कलाकारों की ओर से प्रस्तुत की गयी झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर समिति के नागेश्वर महतो, गणेश महतो, शत्रुध्न नायक, नागेश्वर महतो बेगी, राजू गुप्ता, जगदीश सोनी, शंकर सिंह, उदय प्रताप सिंह, दुर्गा प्रसाद महतो, एतवारा महतो, अशोक महतो, दीपक कुमार, संतोष प्रजापति, नरेश महतो, पंचाननद नायक, नंदलाल महतो, लगनलाल महतो, संतोष नायक, अजय नायक, राजीव साहनी, अनिल साव, दिलेशवर सोनी, विक्की चौहान, कृष्णा साहनी, लोकन महतो, नरेश महतो सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

अड़की में वृद्धा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, झाड़ियों से बरामद हुआ शव

आजाद सिपाही संवाददाता

अड़की। थाना क्षेत्र के पुरनानगर गांव में 80 वर्षीय एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। शुक्रवार को उसका शव लावारिश हालात में गांव के आम बागान स्थित झाड़ियों के बीच से बरामद हुआ है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। दूसरी ओर, गांव में शव पाए जाने की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत अड़की पुलिस को दी। खबर पाकर पुलिस कुछ देर बाद ही मौके पर पहुंच गई और झाड़ी से शव बाहर निकाल कर उसका पंचनामा कर पोस्टमाटम के लिए खूंटी भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस वृद्धा की पहचान के साथ ही मौत के कारणों का भी पता लगाने में जुटी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय महायज्ञ

जोबिया गांव में निकाली गयी कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के अंतर्गत जोबिया गांव में श्रीश्री 1008 शिव पार्वती प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय महायज्ञ शुक्रवार से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर यज्ञ स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। यह कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करने के बाद दामोदर नदी पहुंची,जहां विधि विधान के साथ कलश में जल भरकर वापस यज्ञस्थल पहुंचा, जहां कलश की स्थापना की गयी। जिसके बाद यगाचार्य की ओर से विधि विधान के साथ कई अनुष्ठान कराया गया। यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ मंडप प्रवेश का अनुष्ठान कराया गया। वहीं शनिवार को शिव पुराण कथा, रामायण पाठ का अनुष्ठान कराया जाएगा। जबकि 28 मई को शिव प्राण प्रतिष्ठा एवं पूणार्हुति के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के संरक्षक रोहन गंझु, अध्यक्ष महेन्द्र गंझु, सचिव चेतलाल महतो, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह भोक्ता, जयराम भुईयां, रोहित केशरी, सिकंदर प्रजापति, राहुल केशरी, भिनुलाल महतो, सोमनाथ महतो सहित यज्ञ समिति के सभी लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

दुकानदारों ने स्वेच्छा से बंद रखीं अपनी-अपनी दुकानें

आरक्षण रोस्टर के खिलाफ पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का बंद खूंटी में असरदार

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। आरक्षण रोस्टर में खूंटी सहित राज्य के सात जिलों में पिछड़ी जाति को शून्य दर्शाए जाने पर इन सात जिलों में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की ओर से शुक्रवार को आहूत बंद जिला मुख्यालय में असरदार रहा। शहर के मुख्य पथ सहित कर्रा रोड, तोरपा रोड, पिपरा टोली, डीएवी रोड, मिश्रा टोली, आजाद रोड, बाजार टांड़ आदि क्षेत्रों की अधिकांश छोटी-बड़ी सभी दुकाने और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान स्वतः स्फूर्त बंद रहे। बंद को लेकर सुबह में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के संयोजक जितेंद्र कश्यप के नेतृत्व में कुछ बंद समर्थक सड़क पर उतरे, लेकिन दुकानदारों की ओर से अपनी दुकानों को बंद रखने के कारण उन्हें कोई मशक्कत नहीं करनी पड़ी। बंद का प्रभाव शुक्रवार को



लगने वाले खूंटी के साप्ताहिक हाट में भी नजर आया। खूंटी के इस प्रमुख साप्ताहिक हाट में सिर्फ साग सब्जी बेचने वाले गांवों के किसान ही पहुंचे, जबकि अन्य दुकानदार बाजार में अपनी दुकानें नहीं लगाई। बंद के कारण वाहनों के परिचालन पर कोई रोक नहीं लगाई गई बावजूद इसके सड़कों पर यात्री वाहनों का परिचालन अन्य दिनों की अपेक्षा काफी कम हुआ। जिला मुख्यालय के अलावा जिला के मुरहू, तोरपा आदि प्रखंड मुख्यालयों में भी बंद का असर साफ नजर आया। इन प्रखंडों में भी अधिकांश दुकानें बंद रहे। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के जिला संयोजक जितेंद्र कश्यप ने बंदी को अभूतपूर्व बताते हुए समर्थन देने के लिए सभी व्यापारियों और वाहन संचालकों का आभार व्यक्त किया है।

राज्यपाल के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा

जिला के जिलास्तरीय नौकरी में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को शून्य कर दिए जाने को लेकर पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को डीसी शशि रंजन से मिला और उन्हें राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि खूंटी, सिमडेगा, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका और लातेहार जिला के जिला स्तरीय नौकरी में बीसी और ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है, जबकि उक्त सभी जिलों में पिछड़े वर्ग के लोग काफी संख्या में निवास करते हैं। ज्ञापन में राज्यपाल से गुहार लगाई गई है कि इस आरक्षण रोस्टर में सुधार कर जनसंख्या के आधार पर बीसी ओबीसी को आरक्षण दिया जाए, ताकि पिछले 12 वर्षों से गुलामी की जिंदगी जीने को मजबूर पिछड़े वर्ग (मूलवासी) के लोगों को न्याय मिल सके। डीसी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में समिति के मुख्य संरक्षक जितेंद्र कश्यप, संरक्षक शिवनारायण गौंझू, सयूम अंसारी, लक्ष्मीनारायण गौंझू, महादेव साहू, राजेश कुमार साहू आदि शामिल थे।

बीसीसीएल सीएमडी को पत्र सौंप कर वाशरी को फिर से चालू करने की मांग

धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड में बीसीसीएल की लोदना और कूजामा के विस्थापन व सुदामडीह में कोल वाशरी को फिर से चालू करने और बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने की मांग प्रमुखता से उठने लगी है। शुक्रवार को कोयला भवन में बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता से मिलकर माकपा और सीटू के प्रतिनिधियों ने एक मांग पत्र सौंपा। सीएमडी दत्त ने माकपा नेताओं को आश्वासन दिया कि कूजामा कोलियरी के लोगों को विस्थापित करने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी।

बंद वाशरी को किया जायेगा चालू

वहीं सुदमडीह में बंद वाशरी को चालू किया जाएगा, जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। सीटू से जेबीसीआई सदस्य सुजीत भट्टाचार्या ने कहा कि बीसीसीएल का क्षेत्र काफी बड़ा है। इस पर प्रबंधन को गंभीरता से विचार करना चाहिए। विस्थापितों का मामला काफी बड़ा है। इस पर गंभीरता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल काफी तेजी से तरक्की के पथ पर काम कर रही है। इसमें सभी की सहभागिता है। इस लिहाज से प्रबंधन को सभी पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो भी वेतन समझौते में तय हुआ है। उसका लाभ कोयला मजदूरों को मिले। यह हर कंपनी के प्रबंधन को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुविधा को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर, श्रमिक समस्या को लेकर बीसीसीएल डीपी मुरली कृष्णा रमैय्या से मिला। सीटू के प्रतिनिधियों ने कहा कि मेडिकल, आवास, प्रमोशन सहित अन्य मामलों को समय से निपटारा होने चाहिए।

दलालों नें खुद मुखिया बनकर किये फर्जी हस्ताक्षर, लगायी मुहर और वंशावली सत्यापित कर बेच दी करोड़ों की जमीन

राजाडेरा पंचायत में जमीन खरीद फरोख्त में हुआ व्यापक फर्जीवाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। थाना क्षेत्र के राजाडेरा पंचायत अंतर्गत राजाडेरा मौजा में कथित जमीन कारोबारियों द्वारा जमीन खरीद-फरोख्त में व्यापक फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जमीन दलालों ने पहले मुखिया सीमा देवी का फर्जी हस्ताक्षर और मुहर का प्रयोग किया और फिर फर्जी वंशावली को सत्यापित कर खाता संख्या 90 की दो एकड़ जमीन बेच दी। इस संबंध में मुखिया सीमा देवी ने फर्जीवाड़ा में शामिल सात लोगों के विरूद्ध थाने में लिखित शिकायत की है। आरोपितों में जाकेब सिंह पिता स्व

मंसा सिंह निवास चेंगमारी, चाय बगान, जलपाईगुड़ी केरोन (प बंगाल), कार्तिक सिंह पिता स्व अर्जुन सिंह निवास केरोन चाय बगान, जलपाईगुड़ी केरोन-735205 (पश्चिम बंगाल), उमेश महतो पिता स्व कारीनाथ महतो, ग्राम राजाडेरा अनगड़ा रांची, मकबुल अंसारी उर्फ बबलू अंसारी पिता स्व अजमत अंसारी, ग्राम सिरका नयाटोली, अनगड़ा रांची, अनिल महतो पिता विक्रम महतो, रमेश महली पिता स्व चमना महली, राजाडेरा अनगड़ा रांची एवं संजय कुमार पिता भगवान दास निवास फ्लैट नं-1ए गणपति अपार्टमेंट, हरिहर सिंह रोड, बरियातु के पुष्प बिहार, शामिल हैं। मुखिया सीमा देवी ने बताया कि उन्हें पता ही नहीं था कि जमीन दलाल उनका नकली हस्ताक्षर और मुहर से वंशावली सत्यापित कर अवैध जमीन खरीद-बिक्री का खेला कर रहे हैं। जब इस फर्जीवाड़े का पता चला तो उन्होंने इससे गंभीरता से लिया और थाने में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में उनके अधिकारों का हनन और उनका गलत उपयोग कोई नहीं कर पाए। इधर, मूल रैयत मनोज कुमार घटवार का कहना है कि उक्त जमीन पर वर्षों से उनके पूर्वजों का दखल-कब्जा है और जमाबंदी चालू है। पर जमीन दलालों ने फर्जीवाड़ कर वंशावली में किसी और को उत्तराधिकारी रैयत बनाकर जमीन का निबंधन कर दिया। इस दौरान मूल रैयतों ने भी प्रशासन से दलालों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। दूसरी ओर, अनगड़ा पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी राजाडेरा के उमेश महतो एवं अनिल महतो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं एक अन्य आरोपी बबलू अंसारी के घर से एक स्कार्पियो को जब्त किया गया है।

नियोजन और स्थानीय नीति ही तय करेगी झारखंड की दिशा और दशा : पारसनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। प्रखंड के बोंगइबेड़ा पंचायत में शुक्रवार को आजसू की बैठक हुई। जिसकी अगुवाई गणेश उरांव और सुरेंद्र महतो ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव भी शामिल हुए। इस अवसर पर पारसनाथ उरांव ने कहा कि आजादी के सात दशक से भी अधिक समय गुजर जाने के बाद भी ग्रामीण बुनियादी समस्याओं से जुझ रहे हैं। झारखंड की अपनी नियोजन व स्थानीय नीति से ही राज्य की दिशा और दशा बदल सकती है। आजसू झारखंड अलग राज्य के बाद से ही एक ठोस स्थानीय नीति बनाने को लेकर आंदोलनरत है। इस दौरान जलनाथ चैधरी, जगरनाथ महतो आदि नेताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में आजसू बोंगइबेड़ा पंचायत संगठन का विस्तार भी किया गया, जिसमें महिला पंचायत अध्यक्ष देवकी देवी, सचिव अंजु देवी एवं संगठन सचिव ज्योति कुमारी मुण्डा को मनाया गया। जबकि पंचायत प्रभारी सुरेंद्र महतो, महिला प्रभारी रीता देवी एवं छात्र संघ अध्यक्ष राजकिशोर महतो चुने गए। इस अवसर पर टोला प्रभारी का भी गठन किया गया। इसमें सिरपा से अनिता देवी, सिकनीढीपा से काजो देवी, घोड़लतवा से सबिता देवी, बोंगईबेड़ा से लीलावती देवी, समथरिया पूजा देवी, गंगाघाट से अनिता देवी, गवरबेड़ा से अंजु देवी एवं ढवंठा ढिपा से नुतन उरांव बनाए गये। बैठक में मुखिया हिरदू उरांव, रामनाथ महतो, मधु उरांव, भुवन महतो, दिनेश महतो, मनीष महतो, संजय महतो, मोतीलाल महतो आदि मौजूद थे।

भाजपा कार्यकर्ता को मातृशोक, सन्नी टोप्पो ने अर्पित की श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। लापुंग प्रखंड के लालगंज गांव निवासी समाज सेवी सह भाजपा कार्यकर्ता चरकु साहू की मां फूलो देवी (65) का शुक्रवार को अपने निवास स्थान पर निधन हो गया। इसकी सूचना मिलने पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो लालगंज स्थित उनके घर पहुंचे। स्वजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। वहीं भंगी नदी घाट लालगंज में अंतिम संस्कार में शामिल हुए। सन्नी टोप्पो ने कहा कि इस दुख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार आपके परिवार के साथ खड़ा है। मृतका अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। इस मौके पर रंजन गुप्ता,

विजय सिंह, प्रेम कुमार साहू, दुखहरन सिंह, अनूप साहू, लखन साहू, ब्रज साहू, दीलकु साहू, अजय साहू, संदीप साहू, राजू साहू, हेमचंद्र साहू, रामब्रित साहू, फलिंदर हाजाम, अशोक साहू, गौतम साहू सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

बेड़ो में वज्रपात से एक ही परिवार के तीन लोग झुलसे

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड के हुलसी गांव में शुक्रवार की सुबह 12 बजे अचानक बारिश के साथ ठनका गिरने से उसकी चपेट में आकर तीन लोग घायत हो गये। जबकि पांच बकरियों की मौत हो गई। पीड़ित लोगों के स्वजनों ने बताया कि जंगल में बकरी चराने गये एक ही परिवार के तीन लोग बिरसा उरांव (40), उसकी पत्नी दिला उरांव (38) और पुत्र अनिल उरांव (5) झुलस गय हैं। वहीं उनकी बकरियां भी मारी गयी है। बिरसा उरांव ने बताया कि हुलसी जंगल में अपने पांच बकरियों को लेकर चराने गया था। अचानक मौसम खराब हुआ और गर्जन के

घायल लोगों के साथ सीएचसी बेड़ो में उपचार के लिए पहुंचे जनप्रतिनिधि।

साथ बारिश होने लगी। बचने के लिए कोई जगह नहीं था। इसी दौरान वज्रपात होने से वे लोग उसकी चपेट में आ गए। जिससेवे लोग झुलस गए। इधर, परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से वज्रपात से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उपचार किया गया।

तपती गर्मी में राहत बनकर बरसी बदरा

चिलचिलाती धूप और तपती गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। इसी बीच शुक्रवार को हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी की तपिश से थोड़ी राहत जरूर दे दी है। बतातें चलें कि पिछले एक सप्ताह से प्रखंड मुख्यालय के लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल थे। सुबह से लेकर दोपहर तक लोग भीषण गर्मी के बीच हांफ रहे थे। लेकिन सुबह से आसमान में डेला डाले बादर दोपहर होते ही तेज हवाओं के साथ जमकर बरसे, जिससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल छाए रहे। रात में भी बारिश होने की संभावना प्रबल देखी गयी।

धमाके के साथ धंस गयी जमीन, लोगों में दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। केंदुआ गोधर छह नंबर, बिजली घर के पास शुक्रवार को तेज आवाज के साथ भू धंसान हो गया। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग आनन-फानन में घर से बाहर निकल आए। वहीं, भूस्खलन से करीब 30 फीट गोफ बने गए. जिससे लगातार गैस का रिसाव हो रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी बीसीसीएल प्रबंधक को दी। आग से प्रभावित क्षेत्र होने के कारण इस क्षेत्र में अक्सर भू धंसान होते रहता है। दूसरी ओर, भू धंसान की सूचना मिलने पर मसास नेता हरिप्रसाद पप्पू भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद बीसीसीएल प्रबंधक को भूस्खलन स्थल को ओबी से भरने की बात कही। जिसका ग्रामीणों ने विरोध करते हुए कहा कि अगर यह घटना किसी के घर में होती तो क्या होता। वहीं, सूचना पाकर बीसीसीएल प्रबंधक भी मौके पर पहुंच गए। कहा कि वह दो से तीन दिन में डीजीएमएस के अधिकारियों और उच्चाधिकारियों से बात कर समाधान निकालेंगे। तब तक गोफ के बगल में ओबी डंप कर घेराबंदी की जा रही है। प्रबंधक ने कहा कि अगर गैस रिसाव वाली जगह को नहीं भरा गया तो आग और बढ़ सकती है। नीचे आग है, जहरीली गैस रिस रही है। इसलिए यहां रहने वाले लोग सुरक्षित नहीं हैं

सिरका पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। चाइल्ड फंड एवं शालिनी अस्पताल के सौजन्य से शुक्रवार को सिरका पंचायत सचिवालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया रोशनलाल मुंडा और पंसस सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में करीब 200 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उनके बीच दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य जांच शालिनी अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ मृदूला कच्छप, शिशु एवं जेनरल फिजिशियन डॉ अरूण कुमार सिंह और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रविन्द्र नाथ पाण्डेय ने किया। डॉ मृदूला कच्छप ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जब भी उन्हें

स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन करते गणमान्य लोग।

मौका मिलता है इस तरह के शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा करती हैं। उन्होंने शिविर में पहुंचे लोगों को विभिन्न रोगों से बचाव के उपाय एवं आपातकालीन स्थिति से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण परामर्श दिए। मौके पर परवेज खान, अजीत महतो, पिंकी देवी, मंजु देवी, मुकेश मुण्डा, राजू मुण्डा, आशीष कु साहू आदि उपस्थित थे। वहीं शिविर को सफल बनाने में शिशिर कुमार भगत, दिलीप मुण्डा, अजीत महतो, मोहर महतो, पारसनाथ महतो आदि का योगदान सराहनीय रहा।

सीआइटी में फ्रेशर्स वेलकम पार्टी बायनवेनिडो का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची में शुक्रवार को 2022 बैच के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिये फ्रेशर्स वेलकम पार्टी बायनवेनिडो 22 का आयोजन किया गया। इसमें 2021 बैच के सीनियर विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ गीत, संगीत, नृत्य, ड्यूल सॉन्ग, रैंपवॉक , पोएट्री, सोलो सॉन्ग के अलावे मोटीवेशनल स्पीच के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके पूर्व संस्थान के प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरशद उस्मानी ने कैंब्रिज ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष स्व डॉ बहादुर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ शालिनी सिंह, डॉ नैयर मुमताज,

प्रो भोला नाथ घोश, प्रो. अमित चतुवेर्दी, आमोद कुमार सिंह आदि शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे। वेलकम पार्टी को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल इंचार्ज प्रोफेसर अरशद उस्मानी ने कहा कि विद्यार्जन के लिये विद्यार्थियों का एकाग्रचित होना काफी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होने के लिये अनुशासित होकर हैप्पीनेस के साथ जीना जरूरी है। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रा पायल व भव्या के स्वागत नृत्य व गायन से हुआ। इसके बाद एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य पर विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम के दौरान मिस फ्रेशर 22 व मिस्टर फ्रेशर 22 का चुनाव भी हुआ। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने कई योजनाओं

आजाद सिपाही संवाददाता

पिछरी (बेरमो)। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पिछरी, चलकरी और खेतको पंचायत में 2 करोड़ 33 लाख 42 हजार 7 सौ रुपये य्की योजनाओ का शिलान्यास किया। यहां कड़ी गर्मी और पानी की किल्लत से निजात पाने के लिए सोलर सहित जल मीनार, डीप बोरिंग पंचायतों में निर्माण करवाया जायेगा। विभिन्न शिलान्यास कार्यक्रम में पिछरी दक्षिणी पंचायत पेंड्रा बांध का जीर्णोद्धार जो लगभग 20 लाख 64 हजार रुपये, पिछरी दक्षिणी अंतर्गत सोलर सहित सात टोला में जन मीनार का डीप बोरिंग निर्माण का शिलान्यास टुंगरी कुल्ही, बंगला नदी के किनारे, महतो टोला, लाह गजार मडय कूल्ही, मधु टांड़, झरना टांड, झरना कुल्ही में शिलान्यास किया। यश कार्य 80 लाख रुपये की लागत से निर्माण होगा। डीएमएफटी मद से स्वीकृत पेटरवार प्रखंड के पिछरी दक्षिणी पंचायत के मध्य विद्यालय पिछरी में खेल मैदान का निर्माण का शिलान्यास किया। यह कार्य 5 लाख 25 हजार रुपए की राशि से निर्माण किया जाएगा। चलकरी उतरी पंचायत बड़का बांध का जीर्णोद्धार 19 लाख 53 हजार 700 रुपए से, खेतको पंचायत अंतर्गत सोलर सहित सात टोला में जल मीनार का डीप बोरिंग निर्माण 97 लाख से किया जायेगा, इसका शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक कुमार जयमंगल ने कहा कि सारी योजनाओं जनता की समस्या को देखते हुए किया जा रहा है। बेरमो विधानसभा के प्रत्येक घर में हर घर नल जल योजना के तहत पानी दिया जायेगा।

इस मौके पर मौजूद पेटरवार प्रमुख शारदा देवी, जिला परिषद सदस्य अशोक मुर्मू, फुसरो नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह, कांगेस नेता प्रमोद सिंह, अभय ठाकुर, पिछरी पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी, कल्पना देवी, उपमुखिया चीकू मिश्रा, भाजपा नेता देवीदास, प्रकाश मिश्रा, गणेश मिश्रा, संजय मल्लाह, कमलेश मिश्रा, बिकी महतो, बनबीर मिश्रा, मनोज महतो, रोहित सिंह, अनिल मुर्मू, भरत महतो, प्रकाश महतो, विकास महतो, गौतम कुमार, काली सिंह आदि मौजूद थे।

प्राचीन देवी मंडप के स्थापना दिवस पर धार्मिक कार्यक्रम व भंडारा का आयोजन

प्रसाद ग्रहण करने के लिए कतार में खड़े लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

पिस्कानगड़ी। नगड़ी प्राचीन देवी मंडप का स्थापना दिवस भक्ति भाव एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दिन सुबह से ही सनातन धर्म प्रेमी प्राचीन देवी मंडप पूजा अर्चना में जुट गए। इस अवसर पर पुजारी पंडित पंकज पाण्डेय ने यजमान रामबिलास महतो सहपत्निक को देवी मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्जन कराया। इसके बाद आयोजकों की ओर से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें नगड़ी पंचायत सहित विभिन्न पंचायतों के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद शाम में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में महाआरती कर गगनभेदी जयकारा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा चौधरी, बलराम सिंह, अशोक केसरी, शंकर केसरी, सुन्दर केसरी, जीतू साहू, रघुनंदन केसरी, भोला केसरी, दीपक केसरी, अमर केसरी, सोनू केसरी, विजय केसरी, बिनोद साहू, संजय केसरी, जलेश्वर महतो सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

टाटीसिलवे शाखा में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर दिवस

एक्यूप्रेशर को जन आंदोलन के रूप में अपनाने की जरूरतः डॉ मधुसूदन

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर दिवस शुक्रवार को झारखंड शाखा टाटीसिलवे में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जॉनी साइंस क्लब के आनंद चक्रवर्ती एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश सिंह उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसका संचालन डॉ मधुसूदन पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन बलराम महतो ने किया। मुख्य अतिथि आनंद चक्रवर्ती ने समस्त देशवासियों को एक्यूप्रेशर दिवस की शुभकामनाएं देते हुये एक्यूप्रेशर को घर-घर पहुंचाने को आवश्यकता बताया। वहीं, डॉ दिनेश सिंह चेयरमैन एक्यूप्रेशर

परिषद झारखंड ने एक्यूप्रेशर से उत्पनेन जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज संभव बताया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आमजन तक एक्यूप्रेशर को पहुंचाना अति आवश्यक है। एक्यूप्रेशर परिषद सचिव मधुसूदन पांडे ने एक्यूप्रेशर परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और झारखंड के 24 जिलों में एक्यूप्रेशर सेवा केंद्र जल्द चालू करने के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अपने अपने क्षेत्र में एक्यूप्रेशर पर काम करने को कहा। कहा कि एक्यूप्रेशर को जन आंदोलन के रूप में अपनाने की जरूरत है। एक्यूप्रेशर के अंतर्गत मासू पक्का, टाटीसिलवे लालगंज, साईधाम कुंडा, बूटीमोड़, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, खूंटी, सिमडेगा इत्यादि स्थानों पर निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों की ओर से निरंजन चौधरी, सावित्री देवी, नरेश महतो, अंकित कुमार, मंजू टीका, रामटहल महतो, कौशल्या देवी, उमाशंकर मालाकार, पूनम देवी, सीता कुमारी, सूरज महतो, रवीना कुमारी, मनीष कुमार, लक्ष्मी, पूजा, प्रीति आदि के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

हादसा : विवाह समारोह में शामिल होकर टेंपो से लौट रहे थे घर

चक्रवाती हवाओं की चपेट में आकर टेपों पलटा, दबकर किशोर की मौत

सभी एक ही परिवार के, एक बच्चा भी घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरहा कला में शुक्रवार को अचानक आई तेज आंधी-तूफान की चपेट में आकर सड़क पर एक टेंपो पलट गया। इस कारण टेंपो की आड़ में छीपे 14 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान ललन कुमार के रूप में हुई है। इसी हादसे में उसका बड़ा भाई सूरज कुमार और बहन शोभा कुमारी घायल है। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को विश्रामपुर सीएससी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

हादसे में घायल किशोर का चल रहा इलाज। इन्सर्ट में मृतक की तस्वीर

जानकारी के अनुसार कमता गांव निवासी नारायण राम के दो बेटे ललन कुमार, सूरज कुमार और बेटी शोभा कुमारी शादी समारोह में शामिल होने के बाद शुक्रवार को वापस अपने घर लौटने के लिए टेपों में सवार हुए थे। तभी गुरहा कला गांव के पास आते ही अचानक तेज अंधी चलने लगी। गरज के साथ ओलावृष्टि भी शुरू हो गयी। इससे बचने के लिए तीनों भाई-बहन नीचे उतरकर टेंपो की आड़ में छिप गये। तभी तेज हवाओं के चलते टेपों पलट गया और तीनों भाई-बहन उसके नीचे दब गये। यह देख स्थानीय लोग मदद के आगे आए और टेपों को उठा कर उसके नीचे दबे बच्चों को बाहर निकाला। लगे हाथ 108 एम्बुलेंश को फोन कर घचना की सूचना दी। कुछ देर में एम्बुलेंस पहुंच गयी और तीनों घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां जांच के बाद चिकित्सनों ने नारायण राम के 14 वर्षीय छोटे बेटे ललन कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बड़े बेटे सूरज कुमार और बेटी शोभा कुमारी का इलाज विश्रामपुर सीएससी में चल रहा है। डॉक्टरों की माने तो दोनों घायल भाई-बहन अब खतरे से बाहर हैं।

आसमान से बरसी आफत, ओलावृष्टि के साथ चली तेज हवाओं से उखड़े पेड़-पौधे, कई मकान ध्वस्त

पोल-तार गिरने से बिजली आपूर्ति भी बाधित, रेल सेवा भी हुई प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। रेहला व विश्रामपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज हवाओं और ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश ने जमकर कोहराम मचाया। सुबह 11.30 से दोपहर 12.30 बजे तक ओलावृष्टि के साथ तेज आंधी-तूफान चला। जिससे काफी क्षति हुई। कई कच्चे का मकान ध्वस्त हो गये। वहीं, कई मकानों के एलबेस्टर का छत उड़ गया। दर्जनों पेड़-पौधा गिर गये। बिजली के तार-पोल को भी काफी क्षति पहुंची है। जिस कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हालांकि विद्युत विभाग आपूर्ति बहाल करने में कर्मियों को लगाये हुये है। इधर, बरवाडीह डेहरी रेल खंड के गढ़वा रोड़ जंक्शन पर एक पेड़ रेल की पटरी पर ही गिर गया। जिससे रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। लगभग दो घंटे तक रेल परिचालन ठप रहा। रेलवे ट्रैक से पेड़ हटने के बाद रेल परिचालन शुरू हुआ।

अचानक आयी आंधी से दुकानों के एसबेस्टर उड़े

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा में शुक्रवार को आई अचानक आंधी और पानी में कई घरों और दुकानों के करकट उड़ गए और तीरपाल फट गई। साथ ही कई जगह पेड़ भी गिरने की खबर है। अचानक आई तेज आंधी और बारिश से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दुकानों के सामान भी गए। इससे फुटपाथ वाले दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि चिलचिलाती धूप और गर्मी से भी लोगों को काफी राहत मिली है। दुकानदार रामस्वरूप मिस्त्री, इंजन विश्वकर्मा ने बताया कि मेरे दुकान पर ओले भी गिरे थे। बताते चलें कि सतबरवा में लगभग एक हफ्ते से पारा 42-43 डिग्री के आसपास थी।

जीपीडीपी योजना के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ रतन कुमार सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, मुखिया सह संघ के सचिव अमरेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ ने कहा कि जीपीडीपी के अंतर्गत सभी विषयों को कार्यांवित करने वाले सभी विभाग अपने फ्रंटलाइन वर्कर के माध्यम से अपने विभाग की ओर से सभी योजनाओं का निर्धारण ग्राम सभा के माध्यम से करे। साथ ही सभी योजनाओं को मिलाकर मास्टर प्लान तैयार करने को लेकर पंचायत के प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। वहीं, पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक राजू रंजन ने मुखिया, विभागीय पदाधिकारी, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता को जीपीडीपी के अंतर्गत केंद्र की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के समेकन के प्रारूप के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार, मुखिया नरेश पासवान, विजय राम, अनंति देवी, ममता देवी, सरिता कुमारी, पंचायत सचिव सूर्यदेव राम, वशिष्ठ तिवारी आदि उपस्थित थे।

परशुराम सेना ने किया शिक्षाविद् अविनाश देव को सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। जब घर की माली हालत खस्ता हो जाती है तब अपना भी बेगाना हो जाता है। उस वक्त कोई हिम्मत दे दे मानों डूबते को तिनके का सहारा मिल जाता है। गरीबी व महंगाई के बीच जब एक नमक के लिए भी रिश्तेदार बहाना कर दे और ऐसे में अपाहिज बेटी के परवरिश का कोई जिम्मा उठा लेता है तो मानो साक्षात ईश्वर खड़ा हो गए। यह कथन दिव्यांग सोनम शुक्ला के माता पिता के हैं। सोनम शुक्ला को 10 साल की उम्र में कैंसर हो गया था। उसकी सलामती व दुनिया देखने के लिए डॉक्टरों ने बायां पैर काट दिया। इसके बाद मानों सारे सपने टूट गये। पहाड़ सी जिंदगी पैरों के सामने खड़ी हो गई। सोनम शुक्ला के शाहस, जिद व उसकी मासूमियत अविनाश देव को झुका दिया और उसके डॉक्टर बनने के सपनों को पूरा करने में लग गए। सोनम शुक्ला संत मरियम आवासीय विद्यालय के 7वीं की छात्रा है। उसकी पढ़ाई, कमाई फिर सगाई तक के लिए अविनाश देव ने सपना देख रखा है। ताउम्र एक संवेदनशील अभिभवक के भूमिका में रहने के लिए अनिवाश देव ने संकल्प ले रखा है। इन्हीं सब बातों से प्रभावित एवं आकर्षित होकर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारी संत मरियम विद्यालय के आवासीय परिसर में पहुंच कर अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर अविनाश देव को सम्मानित किया। परशुराम सेना के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा में सामाजिकता, आपके निःशक्ति के प्रति समर्पण हम सभी को आपके प्रति आशक्ति बढ़ा दिया। इस कार्य के लिए परशुराम सेना कायल है और आपका सदैव ऋणी रहेगा। हरवक्त आपके साथ खड़ा रहेगा। इस मौके पर झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पिंकू तिवारी, पलामू जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी, पलामू प्रमंडलीय उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, पलामू जिला सचिव राकेश तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं, अविनाश देव ने सम्मानित करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

महत्वपूर्ण न्यूज

भाजपा नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक, कमेटी का गठन

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित जोड़ा मंदिर परिसर में भाजपा नगर मंडल कार्य समिति की एक बैठक हुई। जिसमें महाजनसंपर्क अभियान पर विशेष चर्चा की गयी। इसके अलावा अभियान को सफल बनाने के लिए 25 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम और संचालन महामंत्री मनीष कुमार ने किया। बैठक में निर्णय हुआ कि एक से 30 जून तक भाजपा द्वारा महाजनसंपर्क अभियान चलाया जायेगा। जिसमें सभी सदस्यों को कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कई जानकारी दी गयी। महाजनसंपर्क अभियान के सफल आयोजन एवं संचालन को लेकर 25 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य किरण देवी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रजनीश कुमार, शिववंश मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर, अर्चना देवी, बेबी देवी, नरसिंह चौबे, अजय साव, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मौर्य, गिरधारी साव, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, भिखारी साहू, धनवंत सोनी, शंकर चंद्रवंशी, गुड्डी देवी, आरती देवी, सुदामा यादव, राजू राम, विदेशी राम आदि मौजूद थे।

पांकी विधायक से मिल ग्रामीणों ने की ट्रांसफार्मर की मांग

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम परशुरामखाप में कुछ दिन पहले ट्रांसफार्मर जल जाने से वहां के लोग अंधेरे में है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग के पदाधिकारियों से मिल कर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। लेकिन इसका असर ग्रामीणों को दिखाई नहीं दिया। तब वहां के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिदल पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता से मिला और ट्रांसफार्मर की समस्या से अवगत कराया। इस संबंध में विधायक ने पहल करते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात की और बहुत जल्द ट्रांसफार्मर दिलाने को कहा। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों को अविलंब ट्रांसफर दिया जाएगा।

पुलिस ने बालू लदे दो ट्रैक्टर किये जब्त, चालक फरार

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। देवरी ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की सुबह कार्रवाई करते हुए बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किया। इस बाबत देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि देवरी पुनार्डीह सोन नदी से अवैध तरीके से बालू लेकर दो ट्रैक्टर जपला की ओर रहे है। इसके बाद देवरी ओपी पुलिस तुरंत त्वरित कार्रवाई करते हुए पुनार्डीह गांव पहुंच गयी। हालांकि पुलिस को देखते ही दोनों ट्रैक्टर से चालक अपने-अपने वाहन छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया और उसे ओपी ले आई। इसकी सूचना जिला परिहवाहन और जिला खनन पदाधिकारी को दे दी गयी है।

जनता दरबार लगा कर डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। उन्होंने क्रमवार सभी की समस्याओं को सुनी और अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान करने की बात कही। जनता दरबार में मेदिनीनगर शहर के जेलहाता से आये ललिता शर्मा ने डीसी को बताया कि उनके पेट में लंबे समय से गांठ संबंधी बीमारी है, जिसका इलाज चल रहा है। इसमें काफी पैसे खर्च हो गए हैं। अब आगे इलाज कराने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है। इस लिए डीसी से आर्थिक मदद मांगी। इसपर डीसी ने रेड क्रॉस के माध्यम से पीड़ित व्यक्ति को 20 हजार रुपये की मदद की। इसी क्रम में चैनपुर से आये धर्मदेव तिवारी ने उनके रैयती जमीन पर एनआरईपी अंतर्गत बन रहे सड़क निर्माण पर रोक लगाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर जमीन विवाद, मुआवजा, राशन, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, स्वास्थ्य अनुदान, नियोजन आदि संबंधित आवेदन आये जिसे डीसी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

स्पोर्ट्स

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सात से 11 जून के बीच इंग्लैंड के द ओवल में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशीप (डब्ल्यूटीसी) 2023 खेला जाना है। आइसीसी ने डब्ल्यूटीसी 2021-23 चक्र के लिए प्राइज मनी की घोषणा की, जिसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।

पिछली बार के मुकाबले कोई बदलाव नहीं, कुल नौ टीमों में बंटेंगे 31.4 करोड़ रुपये

वर्ल्ड टेस्ट चैंपिनयशिप 2023 फाइनल की प्राइज मनी की घोषणा, चैंपियन टीम को मिलेंगे 13.21 करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच इंग्लैंड के द ओवल में सात से 11 जून तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023 का फाइनल मुकाबला खेला जाना है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने शुक्रवार को डब्ल्यूटीसी 2021-23 चक्र के लिए प्राइस मनी की घोषणा की है। कुल 3.8 मिलियन डॉलर (31.4 करोड़ रुपये) को नौ टीमों में बांटा जाएगा, जो पिछले चक्र (2019-21) के बराबर है। चैंपियन बनने वाली टीम को 1.6 मिलियन डॉलर (करीब 13.21 करोड़ रुपये) की इनामी राशि मिलेगी। वहीं, फाइनल में हारने वाली टीम को 8 मिलियन डॉलर (करीब 6.5 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे।

डब्ल्यूटीसी चैंपियन को मिलेगी टेस्ट गदा

टेस्ट चैंपियनशिप मेस (गदा) वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच जीतने वाली टीम को ही मिलेगा। पहले यह हर साल रैंकिंग में नंबर-1 रहने वाली टीम को दी जाती थी। अगर फाइनल मैच ड्रॉ रहता है तो दोनों टीमें इस मेस को संयुक्त विजेता रहने तक शेयर करेंगी।

डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों की सूची

टीम इंडिया : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, ईशान किशन (विकेटकीपर)।

स्टैंडबाय खिलाड़ी : रुतुराज गायकवाड़, मुकेश कुमार, सूर्यकुमार यादव।

ऑस्ट्रेलिया टीम : पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ (उप कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), उस्मान ख्वाजा, मारनस लबसचगने, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी , मैथ्यू रेनशॉ, मिशेल स्टार्क, डेविड वार्नर।

दक्षिण अफ्रीका को मिलेंगे 3.5 करोड़

आइसीसी ने कहा कि टेस्ट चैंपियनशिप रेस में तीसरे स्थान पर रहने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को 4,50,000 डॉलर (करीब 3.5 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे। जबकि चौथे स्थान पर रहने वाले इंग्लैंड को 3,50,000 डॉलर (करीब 2.8 करोड़ रुपये) और पांचवें स्थान पर रहने वाले श्रीलंका को 200,000 डॉलर (करीब 1.6 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे। टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा रही न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश को 1-1 लाख डॉलर (करीब 82 लाख रुपये) दिए जाएंगे।

नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड की टीम हुई बंगाल रवाना

धनबाद (आजाद सिपाही)। सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड की बालक व बालिका टीम शुक्रवार को धनबाद रेलवे स्टेशन से पश्चिम बंगाल के चंदननगर के लिए रवाना हुई। वहां 28 मई से एक जून तक खेली जाने वाली प्रतियोगिता में शामिल होकर खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। धनबाद रेलवे स्टेशन पर खेल संघ के पदाधिकारियों व खेल प्रेमियों ने टीम को रवाना किया।

बालक वर्ग की टीम

रोहित मित्तल, रिशु सिंह, कृष्णा कुमार, सागर गोप, डेविड गगराय, लक्ष्य नाग, सत्यम बाघ, सौरव कुमार सिंह, सचिन कुमार सिंह, अंकित कुमार, राहुल करमाली, सजल बाखला को टीम में शामिल में जगह मिली है।

बालिका वर्ग की टीम

बालिका वर्ग में बिंदिया कुमारी, पूनम कुमारी, बसंती कुमारी, दिव्या मिंज, पल्लवी कुमारी रंजन, नैना कुमारी, ज्योति कुमारी, भूमि कुमारी, करिश्मा कुमारी, सौवया कुमारी, पूनम बिरुआ व अरबिया को शामिल किया गया है. बालिका टीम की मुख्य प्रशिक्षक मौसमी दास, प्रशिक्षक निशिमा मिंज, जबकि बालक वर्ग के मुख्य प्रशिक्षक आशीष आनंद, प्रशिक्षक प्रियांशु सिंह व टीम मैनेजर गोल्डी साथ गए हैं. खिलाड़ियों को झारखंड वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष आरके आनंद, सचिव सुनील कुमार सहाय, शेखर बोस, किरण टॉमकिन्सन, एसएम हाशमी, प्रमोद कपूर, सूरज प्रकाश लाल, निशिकांत पाठक, उत्तम राज, संजय ठाकुर, वैभव सिन्हा, विकास वर्मा, संजय गुप्ता आदि ने शुभकामनाएं दी है।

पारिवारिक विवाद में महिला ने लगायी फांसी, हालत गंभीर

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर थाना क्षेत्र के सिगसिगी गांव निवासी मानदेव चौधरी की पत्नी सोनी देवी (22) ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। जानकारी के अनुसार सोनी देवी ने गुरुवार की रात अपने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। पारिजनो ने घर का दरवाजा तोड़ कर उसे नीचे उतारा और तुरंत विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे मेदिनीनगर एमएमसीए रेफर कर दिया गया। डॉ मनोज थॉमस कंडुलना व गौतम कुमार ने बताया कि इसकी जानकारी रेहला थाना को देते हुए घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर किया गया है।

पुलिस ने देशी लोडेड कट्टा सहित युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। कतरास पुलिस अंचल के अंगारपथरा ओपी पुलिस ने हथियार और जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए भेजा जेल । बताते चले कि अंगारपथरा ओपी पुलिस की रात्रि गस्ती के दौरान गुरुवार रात्रि ढाई बजे के करीब पेट्रोल पंप के समीप गश्ती दल की नजर एक युवक पर पडी। पुलिस ने युवक के पास पहुंच कर पूछताछ की तब युवक इधर उधर उलझाने की

कोशिश करने लगा । परंतु पुलिस ने जब सख्त रूप अपनाया ,तब युवक ने अपना नाम आनन्द विजय उर्फ विक्की सिंह बताया। फिर पुलिस ने युवक की जांच किया तो कमर से एक देशी लोडेड कट्टा सहित एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ । तत्काल पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर ओ पी ले आयी। और मामला दर्ज जेल भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी सत्येंद्र पाल ने बताया कि मै अपने दो सहयोगियों के साथ पेट्रोलिंग पर निकला था तभी उस युवक को देखा शक होने पर जांच पड़ताल की गयी तो लोडेड पिस्तौल और एक कारतूस बरामद हुआ । हथियार ओर कारतूस को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर ओपी ले आया । तथा 25(1-6)अ26 आर्म्स एक्ट के तहत केस अंकित कर अन्य बिन्दुयो पर जांच पड़ताल करते हुए गिरफ्तार युवक को जेल भेजा गया है।

तेज आंधी और बारिश में लोयाबाद सात नंबर की बिजली गुल, हजारों की आबादी परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। तेज आंधी और बारिश से लोयाबाद सात नंबर की बिजली गुल है। ट्रांसफार्मर और स्वीच में पानी चला गया है और करीब पांच हजार आबादी अंधेरे में है। रात भर बिजली नही रहने के वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 24 घंटे बीत गये पर कोई मरम्मती करने वाला नही आया है। लोयाबाद कोलियरी प्रबन्धन जल्द ही मरम्मती की बात कह रहे हैं। बताया जाता है कि लोयाबाद सात नंबर के ट्रांसफार्मर रूम काफी जर्जर है, रूम का दीवार और छत चदरे शीट का बना हुआ है। काफी पुराना होने के वजह से

जगह जगह सड़ चुका है। बारिश के दिनों में ट्रांसफार्मर रूम में पानी भर जाता है। बारिश का पानी कभी 500 केवीए का ट्रांसफार्मर तो कभी स्वीच,केबुल में चला जाता है। धुंवा और चिंगारी के साथ बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है।

दो वर्ष से उठ रही है जर्जर स्विच रूम को बनाने की मांग:-जर्जर स्वीच रूम को मरम्मती का मांग दो वर्षों से की जा रही है। प्रबन्धन का कहना है कि स्टीमेट बनाकर भेजा गया है जल्द ही पास हो जायेगा,फिर टेंडर प्रक्रिया,तब काम शुरू होगा, बीसीसीएल की इस प्रक्रिया के चलते हजारों की आबादी परेशान होते रहेंगे। जानकारों की माने तो इस बारिश के चक्कर मे बड़ा नुकसान भी हो सकता है,अगर आपूर्ति लाइन में बारिश का पानी चला गया,या फिर बारिश खत्म होने के बाद लाइन आपूर्ति चालू हो गई तो,ट्रांसफार्मर या मेन स्वीच ब्लास्ट हो जायेगा,अगर ऐसा हुआ तो लोगो को महीनों अंधेरे में रहना होगा, चुकीं मरम्मती में काफी समय लग जाता है। 2022 में ट्रांसफार्मर जलने की घटना हुई और उसके बनने में चार महीने लग गये।

जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल की जायेगी

इस बाबत लोयाबाद कोलियरी के अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि टेक्निकल कर्मी दूसरे जगह ट्रांसफार्मर चार्ज करने गये है,वहां से आने के बाद सात नंबर का ट्रांसफार्मर चेक किया जायेगा,सब कुछ ठीक रहा तो,लाइन आपूर्ति बहाल की जायेगी, ट्रांसफार्मर रूम भी जल्द मरम्मती करवाया जायेगा।

डॉ आंबेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ पर हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने जताया विरोध

जिला प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे: कार्तिक हाड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। डीआरएम चौक पर स्थापित संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ असमाजिक तत्वों के द्वारा छेड़छाड़ की घटना का हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था ने कड़ा विरोध जताया है। बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा का जायजा लेने शुक्रवार को संगठन के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी संगठन के पदाधिकारियों,सदस्यों के साथ आंबेडकर चौक पहुंचे। बाबा साहेब का चश्मा क्षतिग्रस्त पाकर

सभी ने घटना की निंदा की। कार्तिक हाड़ी ने कहा कि इस घटना के लिए जिम्मेवार वैसे असमाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिये। कहा कि अगर प्रशासन दोषियों पर कार्रवाई नहीं करता है तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने जिला प्रशासन से असमाजिक तत्वों पर निगरानी के लिये चौक के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की है। वही उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही संगठन की ओर से बाबा साहेब की प्रतिमा पर नया चश्मा लगाया जायेगा। इस मामले में कार्तिक हाड़ी ने संगठन की ओर से धनबाद उपायुक्त को आवेदन देकर वैसे शरारती तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी, उपसंगठन सचिव बिनोद हाड़ी, युवा संगठन सचिव भरत हाड़ी, सूचना मंत्री श्रवण हाड़ी, नरेश हाड़ी आदि थे।

बीएसएल संचालित स्कूलों में ग्यारहवीं कक्षा में नामांकन शुरू

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील द्वारा संचालित सीबीएसई से सम्बद्ध स्कूलों बीआईएसएसएस-2 सी, तथा बीआईएसएसएस-8 बी में ग्यारहवीं कक्षा में एडमिशन के लिए बीएसएल के शिक्षा विभाग द्वारा सूचना जारी किया जा चुका है। बीएसएल द्वारा संचालित स्कूलों से उत्तीर्ण हुए बच्चे अथवा किसी अन्य स्कूल से उत्तीर्ण बीएसएल कर्मचारियों के बच्चे अथवा डीपीएलआर द्वारा जारी वैध प्रमाण पत्र वाले विस्थापित नन- बीएसएल वर्ग के बच्चे इन स्कूलों में एडमिशन के पात्र होंगे. इनके अलावा अन्य स्कूलों/बोर्डों से उच्च अंक के साथ (साइंस स्ट्रीम के लिए 85% या अधिक, कामर्स स्ट्रीम के लिए 70% या अधिक, तथा आर्ट्स स्ट्रीम के लिए 50% या अधिक) अंक प्राप्त करने वाले बच्चे भी एडमिशन के लिए आवेदन दे सकेंगे. बीआईएसएसएस-2 सी एवं बीआईएसएसएस-8 बी में साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स विषयों में एडमिशन लिए जायेंगे। बीएसएल स्कूलों से उत्तीर्ण हुए बच्चे एडमिशन फॉर्म उसी स्कूल में 29 मई-2023 से 10 जून -2023 तक प्राप्त कर सकते हैं जिस स्कूल से वे पास हुए हैं। अन्य स्कूलों / बोर्डो से पास हुए बच्चों के लिए एडमिशन फॉर्म 29 मई-2023 से 10 जून - 2023 तक बीएसएल के शिक्षा विभाग, कमरा नंबर-236, नगर सेवा भवन, बी-ब्लॉक, बी एस सिटी से प्राप्त किया जा सकता है। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून-2023 को 12 बजे दोपहर तक निर्धारित की गई है।

केंद्र और राज्य सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध आंदोलन करेगा मासस माले

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। रोजगार और स्थानीयता के सवाल पर शुक्रवार को मासस-माले की संयुक्त जिला स्तरीय बैठक धनबाद टेंपल रोड स्थित मासस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता माले नेता नकुलदेव सिंह ने किया। इस दौरान रोजगार-स्थानीयता, आरक्षण और पानी-बिजली और स्वास्थ्य-शिक्षा के सवाल पर आगामी 30 मई को धनबाद मुख्यालय पर होने वाले धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम पर बातचीत हुई। नेताओ ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार ने वादा किया था कि हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देंगे लेकिन नौ वर्ष गुजर

जाने के बाद भी रोजगार का कोई अता-पता नही है। जिसमें वामपंथी पार्टियों की भूमिका बेहतर है। झारखंड में स्थानीयता के सवाल पर भाजपा पिछले 23 वर्षो से बाधा उत्पन्न कर रही है। वही झारखंड सरकार भी रोजगार के सवाल पर वादाखिलाफी कर रही है। जिसको लेकर धनबाद से लेकर पूरे झारखंड में माले-मासस संयुक्त आंदोलनात्मक कार्यक्रम आयोजित करेंगी। मौके पर मासस के जिला सचिव दिलीप कुमार, सुभाष चटर्जी, राणा चटराज, विजय पासवान, विश्वजीत राय, वेदप्रकाश सिंह, सुभाष सिंह माले के धनबाद जिला सचिव कार्तिक प्रसाद राज्य कमिटि सदस्य नागेन्द्र कुमार, कृष्णा सिंह, नकुलदेव सिंह, हरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

धनबाद ग्रामीण जिला भाजपा संयुक्त मोर्चा की बैठक

निरसा, सिंदरी और टुंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन करने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। भाजपा धनबाद ग्रामीण जिला के संयुक्त मोर्चा की बैठक शुक्रवार को जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिंहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजय भारती उपस्थित हुए। बैठक में हर घर जनसंपर्क अभियान के वातावरण निर्माण और कार्यकताओं की कड़ी तैयार करने के लिये 13 जून 2023 को निरसा और सिंदरी विधानसभा में और 14 जून को टुंडी विधानसभा में संयुक्त मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

करने का निर्णय लिया गया। इसके पूर्व 31 मई 2023 तक सभी 18 मंडलों में इसी प्रकार संयुक्त मोर्चा का बैठक करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए बैठक में प्रभारी नियुक्त किये गये। शुक्रवार की बैठक में भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जनाब अनवर हयात, किसान मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, जिला भाजपा महामंत्री नितय रजवार, मंत्री फिरोज दत्ता, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महादेव कुम्हार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो जहीरूद्दीन अंसारी, युवा मोर्चा के महामंत्री गुड्डू सिंह, जग्गू साव, किसान मोर्चा के महामंत्री शंकर महतो, सरोज महतो, अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र हरि, मिथुन रविदास, ओबीसी मोर्चा के महामंत्री राजेश दास, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री नीतू शंकर आदि उपस्थित थे।

अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

तेतुलमारी/कतरास। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कतरास कॉलेज इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को प्राचार्य से मिल तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गये मांग पत्र में कतरास कॉलेज से इंटर की पढ़ाई बंद करने के निर्णय को वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराये जाने तक स्थगित करने। कॉलेज में इग्नू और एनओयू के अध्ययन केंद्र खोलने के साथ बीएड और वोकेशनल कोर्सेज की पढ़ाई भी शुरू किये जाने की मांग की है। कॉलेज अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण ने बताया कि कतरास कॉलेज में प्रतिवर्ष लगभग दो हजार विद्यार्थी इंटर में नामांकन लेते है। चूंकि सभी बोर्ड के 10वीं का परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिया गया है तो अब सभी विधार्थी 11वीं में नामांकन लेने

हेतु कतरास कॉलेज के चक्कर काट रहे है, पर नामांकन नहीं लिया जा रहा है। 10वीं पास विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपनी समस्या के बारे में अवगत कराया कि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और वो अन्य विद्यालयों का मासिक शुल्क भरने में असमर्थ है। ब श्री स्वर्ण ने बताया कि अभाविप के द्वारा प्राचार्य को तीन दिनों के भीतर इस विषय पर निर्णय लेने को कहा गया है। यदि इस विषय पर कोई निर्णय ना लिया गया तो विद्यार्थी परिषद कुछ दिनों में चरणबद्ध व उग्र आंदोलन करने हेतु रूपरेखा बनाएगा जिसका जिम्मेवार महाविद्यालय और विश्वविद्यालय प्रशासन होगा।

मौके पर कॉलेज अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण, विष्णु देश्वाली, रानी कुमारी, विवेक राज कर्मकार, राहुल सोनी, मीडिया प्रभारी गोपाल केवट, अर्थशास्त्र विभाग संयोजक छोटी कुमारी, कॉलेज कार्यकारिणी जयंती कुमारी, विक्रम कुमार, पुनम कुमारी, पिंटू कर्मकार,राहुल कर्मकार व अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लोटनसेवा के साथ तीन दिवसीय मंडा पर्व शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। प्रखंड क्षेत्र के श्रीश्री प्राचीन शिव मंदिर महादेव मंडा में शुक्रवार को लोटनसेवा के साथ तीन दिवसीय मंडा पर्व शुरू हो गया। अगले सुबह सभी शिव भक्त मंदिर पहुंचे। इसके बाद वे पटासुर नदी के तट पर पहुंचे। यहां पुजारी आनंद पंडित के द्वारा विधविधान से पूजा अर्चना कराया गया। इसके बाद सभी 145शिव भक्त स्नानकर बजरंग संघ रोड आये। फिर शिव की आराधना करने के बाद वे लोटनसेवा में शामिल हो गये। सभी भक्त जमीन

में लेटते हुए मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजा की।ओर रस्सी खींचो कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रदूषण के खिलाफ युवाओं ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, सीओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। प्रदूषण के खिलाफ झरिया कतरास मोड़ में पिछले 2 दिनों से चल रहे हस्ताक्षर अभियान का समापन शुक्रवार को झरिया अंचलाधिकारी प्रमेश कुशवाहा को ज्ञापन सौंपने के बाद हुआ। नेतृत्व कर रहे यूथ कांसेप्ट संस्था के अखलाक अहमद ने सीओ से कहा कि वर्तमान समय मे हम सभी सड़कों पर उड़ते धूल व तेजी से बढ़ते प्रदूषण की गम्भीर समस्या से त्रस्त हैं। हालात ऐसे हो गये हैं कि अब तो खुली

हवा में सांस लेना भी दुर्लभ हो गया है। राजापुर से निकलने वाले कोयला लोड भारी वाहने नियमों की अनदेखी कर पुराना आरएसपी कॉलेज, कतरास मोड़ सिंह नगर होते हुए शिमलाबहाल साइडिंग जाती है। प्रदूषण की समस्या से हम सभी को मुक्ति दिलाने के लिए उचित कार्रवाई करते हुए समस्या का निराकरण करें। अन्यथा हम सभी स्थानीय लोग आंदोलन को बाध्य होंगे। कहा की वाहनों के पहिये पर लगे कोल डस्ट सड़कों पर जमा होने के कारण सड़कों पर सिर्फ धूल ही उड़ते दिखते हैं। घरों में रहना दुश्वार हो गया है। नगर निगम और बीसीसीएल द्वारा इस क्षेत्र में न तो वाटर फॉगिंग किया जाता है और न ही सड़कों की सफाई की जाती है। जिस कारण ये धूलकण हमारे स्वास्थ्य को खराब कर रहे हैं घरों में रखे पीने योग्य पानी को दूषित कर रहे हैं। भोजन के लिए बने खाने को दूषित कर रहे हैं। स्थानीय मनोवर मिर्जा व प्रकाश चंदेल ने कहा स्थानीय लोगों की उम्र प्रदूषण के कारण 10 वर्ष कम हो रहे हैं झरिया के हर घर में दो व्यक्ति प्रदूषण से ग्रसित है, यह प्रदूषण जानबूझकर फैलाई जा रही है। अभियान में मुख्य रूप से प्रकाश चंदेल, मनौवर मिर्जा,अखलाक अहमद,रिशु कालिया, राजेश राय, रवि केसरी,महताब आलम,संतोष जैसवाल, सागर साव आदि शामिल थे।

कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा

अतिअल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2023–24

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पंचायत सचिवालयों में सुदृढीकरण निधि से स्वीकृत क्रमांक–07 में ग्रुप संख्या 03 वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की क्रमांक–1 के अनुसार निबंधित संवेदको से F2 प्रपत्र पर मुहर बंद एकल बीड निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 02.06.2023 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 03.06.23 (अपराहन 3:00 बजे तक)
4 निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 03.06.23 (अपराहन 04:00 बजे)
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद, कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6 निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

ग्रुप सं0	प्रखंड का नाम	क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
03	Koderma	1	Boundary wall of panchayat bhawan pathaldiha vill pathaldiha panchayat pathaldiha block koderma district koderma	2012900	40258	5000	3 माह
		2	Repairing work of panchayat bhawan lokai with new Boundary wall at vill lokai panchayat lokai block koderma district koderma				
		3	Boundary wall of kharkota panchayat bhawan at vill kharkota panchayat kharkota block koderma district koderma				

निविदा की शर्ते WWW.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता
जिला परिषद कोडरमा

PR 298429 Panchayati Raj (23-24)_D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–09/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.06.2023 को 1.00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.06.2023 का 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.06.2023 को 3.30 बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू०)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०)	अग्रधन की राशि (रू०)	कार्य समाप्ति की अवधि।
1	मत्स्य कॉलोनी स्थित जिला मत्स्य पदाधिकारी के आवास का जीर्णोद्धार कार्य, Doranda,Ranchi	24,98,500.00	5000.00	50,000.00	Two Months

नोट : निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR.NO.298427 Building(23-24):D

कार्यालय: जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा
Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

पत्रांक.....(DHS) दिनांक ...../05/2023

Walk in Interview

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 171(3) दिनांक 25.02.2023 द्वारा राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित **"चलन्त ग्राम क्लीनिक"** के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की Walk in Interview के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएँ प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर निजी आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक को सूचीबद्ध किया जाना है। इच्छुक निजी आयुष चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

क्रम	पद का नाम	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	पद संख्या	मानदेय	कार्य का समय
01	आयुष चिकित्सक	Bachelor in Ayurved/Homoeopath/Unani with working knowledge of computer.	01	रू0 21,000.00 (कुल 26 कार्य दिवस)	09-00AM To 03:00 PM
02	चिकित्सा सहायक	B.Sc Nursing/GNM/or B.Sc Community Health or Bachelor/Diploma in Pharmacy from recognize university/Institution	01	रू0 15,000.00 (कुल 26 कार्य दिवस)	09-00AM To 03:00 PM
03	सूचिबद्ध किये गये आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।				
04	Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।				
5	**"चलन्त ग्राम क्लीनिक"** के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के द्वारा मिलकर स्वयं व्यवस्था की जायेगी।				

इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण–पत्र एवं छाया प्रति के साथ **सिविल सर्जन कार्यालय सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा** में दिनांक 08.06.2023 (गुरूवार) को अपराहन 01:00 बजे से 04:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

PR 298417 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

सम अल्टीमेट मेडिकेयर में जटिल सर्जरी सफल

अंबिका को मिली नयी जिंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। 73 वर्षीय एक महिला को नयी जिंदगी मिली है, जो बिरल स्वास्थ्य समस्या से जूझ रही थी। सम अल्टीमेट मेडिकेयर के सर्जन द्वारा की गयी जटिल सर्जरी के जरिए नया जीवन मिला है। कई अस्पतालों ने पहले ही मरीज को यह कह कर लौटा दिया कि सर्जरी संभव नहीं है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक 15 साल हो गया अंबिका पात्र के गले में सूजन के साथ दर्द और चक्कर भी आ रहे थे। वे इलाज के लिए कई अस्पतालों में गये. लेकिन उनकी बीमारी का पता नहीं चल सका। सम अल्टीमेट मेडिकेयर में आने के बाद न्यूरोसर्जन डॉ सोमनाथ प्रसाद जेना ने डिजिटल सबट्रैक्शन एंजियोग्राफी (डीएसए) के माध्यम से महिला को धमनीशिरापरक विकृति (एवीएम) से पीड़ित पाया। इसी तरह रेडियोलॉजिस्ट डॉ गोलक पासा ने एमआरआइ के जरिए बीमारी का पता लगाया।

सम अल्टीमेट मेडिकेयर के प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जन डॉ उन्मेश कुमार जेना ने मरीज की जांच के बाद इस जटिल सर्जरी को करने का फैसला किया। माइक्रोसर्जरी की विशेषज्ञ डॉ जेना ने पिछले शनिवार को 3 घंटे लंबी सर्जरी की और ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। डॉ जेना ने कहा कि यह एक दुर्लभ समस्या है और लाखों, लोगों में से एक में इसका पहचान किया जाता है। यह एक जोखिम भरी सर्जरी थी क्योंकि इसमें अत्यधिक रक्तस्राव और रोगी की मृत्यु का खतरा था। यही एक संभावित कारण है कि अन्य अस्पताल इस सर्जरी को करने से हिचकते हैं। सर्जरी से पहले मरीज के परिजनों को विस्तार से समझाया गया और परिवार की तरफ से एक हाई रिस्क बॉन्ड भी साइन किया गया। ऐसे मामलों में बेहतर थायरॉयड धमनी और बाहरी गले की नस एक साथ आती हैं और समस्याएं पैदा करती हैं और उन्हें हटाने की जरूरत होती है। इस सर्जरी में ब्लीडिंग की कोई समस्या नहीं थी, दूसरी तरफ सर्जरी के बाद अंबिका के गर्दन का दर्द कम हो गया है और सिर दर्द, उल्टी आदि भी बंद हो गये हैं। वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं।

सिजोफ्रेनिया से दुनिया में 2.4 करोड़ लोग पीड़ित : विशेषज्ञ

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सिजोफ्रेनिया एक मानसिक विकार है, जो इंसान को काफी हद तक प्रभावित करता है। दुनिया में करीब 2.4 करोड़ लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। बताया गया है कि हर 300 में से एक व्यक्ति इस समस्या से पीड़ित होता है। विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस के मौके पर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल्स के मनोचिकित्सा विभाग और इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी (ओड़िशा शाखा) के सहयोग से बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने इस समस्या को लेकर चिंता जतायी है।

स्किजोफ्रेनिया दिवस के लिए इस वर्ष का विषय सेलीब्रेटिंग द पॉवर ऑफ कम्यूनिटि काएंडनेसा था। वक्ताओं ने कहा कि सिजोफ्रेनिया एक मानसिक बीमारी है, जिसमें मस्तिष्क के कुछ हिस्सों में रसायनों का असंतुलन होता है, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति के विचारों, भावनाओं और कार्यों के बीच समन्वय की कमी होती है। इससे व्यक्ति का व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन दोनों ही बाधित होता है और वह कार्य करने की क्षमता खो देता है।

इस कार्यक्रम में आइएमएस एंड सम अस्पताल के डीन प्रो संघमित्रा मिश्र ने कहा कि इस समस्या से जूझ रहे लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए परिवार और समाज की कई जिम्मेदारियां हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या से संबंधित व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। इसलिए इस समस्या में शामिल लोगों की देखभाल करने की आवश्यकता है।

मौके पर आइएमएस एंड सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो पुष्पराज सामंतसिंहार ने स्वस्थ मानसिकता पर जोर देते हुए कहा कि अधिक पढ़े-लिखे लोग ही इस तरह की समस्याओं की गिरफ्त में आते हैं। प्रो सामंतसिंघार ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे उन्नत तकनीक बीमारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर सकती है।

इस मौके पर मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुरजीत साहू ने कहा कि यह समस्या बंशानूक्रमिक है और इसका असर मनुष्य के भविष्य पर पड़ता है। इस जागरूकता कार्यक्रम प्रो साहू की देखरेख में आयोजित किया गया। प्रो साहू ने सिजोफ्रेनिया से जुड़े अंध विश्वास और इसे दूर करने में समाज की भूमिका पर चर्चा की। संबंधित विभाग के प्रोफेसर शुभेंदु नारायण मिश्र ने प्रभावित व्यक्ति के उपचार की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसे कलंक न मानते हुए मरीज की देखभाल करना जरूरी है। इस मौके पर डॉ जितेंद्रिय विश्वाल ने सभी से सिजोफ्रेनिया को अन्य बीमारियों की तरह ही देखने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में मनोरोग विभाग के डॉ राकेश महांति, डॉ स्नेहाशु दे, डॉ अमीय कृष्ण साहू, डॉ सोम्य रंजन दास, डॉ हिरण्मय महापात्र ने अपने विचार व्यक्त किये। इस बैठक में विभाग की मनोवैज्ञानिक पटनायक एवं पीजी के छात्रों ने कविता एवं भाषण के माध्यम से सिजोफ्रेनिया के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सह प्राध्यापक (डॉ) लग्नजीत दाश ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

ग्लेनमार्क फार्मा के हाइपर टेंशन जागरूकता माह का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क), एक नवाचार-प्रवर्तित, वैश्विक फार्मास्युटिकल कंपनी ने मई को हाइपर टेंशन जागरूकता माह के रूप में चिह्नित किया। ग्लेनमार्क ने देश भर में 143 शहरों में 210 से अधिक अस्पतालों और क्लिनिकों में से 1000 से अधिक स्वास्थ्य सेवाकर्मियों के साथ साझेदारी की, और 214 सार्वजनिक जागरूकता रैलीयों और स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया, ताकि हाइपर टेंशन के बारे में आसपास के जनमानस को जागरूक किया जासके।

रैलियों में जागरूकता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये गये, जिनमें स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उच्च रक्तचाप से संबंधित लक्षण, संकेत और रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके बाद, रक्तचाप मापन शिविर आयोजित किये गये। ग्लेनमार्क के वाइस प्रेजिडेंट और इंडिया फार्मूलेशन के हेड, अलोक मालिक ने कहा कि -ग्लेनमार्क फार्मा में हम हाइपर टेंशन के खिलाफ लड़ने और उसके बारे में जागरूकता फैलाने के प्रति प्रतिबद्ध है। भारतीय जनसंख्या में दिनों-दिन बढ़ती हुई प्रसारता के साथ , यह महत्वपूर्ण है कि हम अंदर ही अंदर बढ़नेवाली इस बीमारी के बारे में खासकर 18 वर्ष से ज्यादा आयु वाले लोगों के बीच जागरूकता फैलाये।

इस पहल के जरिये , हर एक व्यक्ति को ज्ञान के साथ इससे संबंधित जोखिम और इसे जल्दी पहचान कर नियंत्रित करने के प्रति तैयार करना ही हमारा लक्ष्य है, साथमिलकर, हम इस स्थिति से प्रभावित हजारों लोगों के स्वास्थ्य परिणामों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

ग्लेनमार्क भारतीय जनसंख्या में हाइपर टेंशन के बार`में जागरूकता फैलाने और इसके उपचार को बढ़ावा देने में मुख्य रूप से आगे है।

एम्स भुवनेश्वर अध्यक्ष डॉ एके बिसोई ने किया संस्थान का दौरा

कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने एम्स भुवनेश्वर में डॉ एके बिसोई का स्वागत किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एम्स भुवनेश्वर में स्नातक छात्रों के बीच अनुसंधान और नवाचार के लिए ऊर्जा और उत्साह से भरा माहौल बनाने के लिए शिक्षण सहायक (टीए) और अनुसंधान सहायक (आरए) प्रोग्रामर को जल्द ही रखा जायेगा। मेधावी वरिष्ठ एमबीबीएस छात्रों को टीए और आरए के रूप में नियुक्त किया जायेगा। एम्स भुवनेश्वर के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) एके बिसोई ने पद संभालने के बाद राष्ट्रीय संस्थान के अपने पहले दौरे के दौरान कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान में जूनियर छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। लगे हुए टीए और आरए एमबीबीएस छात्रों को भी प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। यह प्रणाली चिकित्सा छात्रों के लिए आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को अपनाने और उससे अधिक प्राप्त करने के साथ-साथ अनुसंधान के क्षेत्र में अपने नवाचारों को फलने-फूलने में बहुत मददगार होगी। डॉ ने बताया कि उन्होंने छात्रों से पाठ्यक्रम और विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी भागीदारी करने का भी आग्रह किया।

एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने तीन दशकों की पेशेवर उत्कृष्टता और नवाचार के साथ एक निपुण कार्डिएक सर्जन, डॉ अक्षय कुमार बिसोई का जोरदार स्वागत किया। कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने एम्स भुवनेश्वर में डॉ बिसोई का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान उनके सक्षम मार्गदर्शन में अनुसंधान और शिक्षा में सफलता प्राप्त करेगा। यात्रा के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ डीके परिदा, रजिस्ट्रार बीबी मिश्रा, वरिष्ठ संकाय सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी डॉ बिसोई के साथ थे।

स्लॉट की बुकिंग नहीं करने पर खरीद-बिक्री की अनुमति नहीं : आइजीआर

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। जमीन पंजीकरण व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव किया गया है। भीड़ की समस्या से बचने के लिए अब ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करनी होगी। प्रदेश में जमीन ई-पंजीकरण व्यवस्था में नये नियम बनाये गये हैं। ऑनलाइन में एडवांस स्लॉट बुकिंग के बिना जमीन की खरीदना और बेचना की अनुमति नहीं दी जायेगी। अब जमीन खरीदना और बेचना या किसी बिक्री विलेख या पंजीकरण के लिए सब रजिस्टर कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जमीन की खरीदना और बेचना के लिए ऑनलाइन एडवांस स्लॉट बुकिंग जरूरी है। स्लॉट में उपलब्ध समय के अनुसार जमीन की रजिस्ट्री की जायेगी। पंजीकरण महानिरीक्षक ने इसकी घोषणा की। ऑनलाइन से पहले पंजीकरण कर स्लॉट नहीं लिये तो जमीन खरीदना और बेचना की अनुमति नहीं दी जायेगी। आइजीआर ने बताया है कि बिशेस मामलों में ऑनलाइन पंजीकरण करा कर शीघ्र सुविधा या स्लॉट का प्रावधान होगा। ओड़िशा इस तरह का कानून लागू करने वाला पहला राज्य बनने जा रहा है।वहीं दूसरी ओर कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन खरीदना और बेचना के रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है, भले ही वह दुनिया की कहीं भी हो। आप अपना नाम दर्ज करा कर स्लॉट प्राप्त कर सकते हैं। मिले स्लॉट के अनुसार वे उस दिन या समय पर सब रजिस्टार के कार्यालय में आकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

पहले चरण में मेट्रो भुवनेश्वर से कटक के बीच चलेगी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। नगर उन्नयन विभाग के सचिव ने राजधानी में मेट्रो ट्रेन के संचालन की जानकारी दी है। जून के महीने में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास कर सकते हैं। मेट्रो ट्रेन के लिए सर्वे काम खत्म हो चुका है। विभागीय मंत्री उषा देवी ने कहा कि अब दिल्ली मेट्रो रेल से परामर्श कर डीपीआर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी कि 2023 के अंत तक भुवनेश्वर में यह काम शुरू हो जायेगा। आवास एवं शहरी विकास सचिव जी माथिवाथनन ने कहा कि मेट्रो ट्रेन के रूट की पहचान हो चुका है। प्रथम चरण में मेट्रो भुवनेश्वर से कटक के बीच चलेगी। आवास और शहरी विकास सचिव जी माथिवाथनन ने कहा कि बाद में मेट्रो ट्रेन जटनी और पुरी जाने की योजना है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**